संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -129 रविवार ,12 मार्च 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये



## लालू एवं लालू के परिवारवालों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

» मिली 600 करोड़ की बेहिसाब नकदी

**पटना,11 मार्च 2023(ए) ।** प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को कहा कि नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों के खिलाफ छापेमारी में एक करोड़ रुपये की अघोषित नकदी जब्त की गई है। समाचार एजेंसी ने बताया कि छापे में अपराध की आय में 600 करोड़ रुपये का पता चला है, जबकि लालू प्रसाद के परिवार की ओर से रियल एस्टेट और अन्य क्षेत्रों में किए गए निवेश का पता लगाने के लिए जांच चल रही है।
ईडी ने कथित नौकरी घोटाले के मामले में बिहार के कई शहरों और अन्य स्थानों पर तलाशी ली। लालू प्रसाद यादव का दक्षिण दिल्ली का घर, लालू प्रसाद की बेटियों रागिनी यादव, चंदा यादव और हेमा यादव, राजद के पूर्व विधायक सैयद अबू दोजाना, अमित कत्याल, नवदीप सरदाना और प्रवीण जैन से जुड़ी संपत्तियों में पटना, फुलवारीशरीफ, दिल्ली - एनसीआर, रांची और मुंबई में भी तलाशी ली गई।

## तेजस्वी यादव पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

» सहयोग नहीं करने पर खानी पड़ सकती है जेल की हवा!


बिहार में नौकरी के बदले जमीन घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 15 से अधिक स्थानों पर छापे मारे जाने के एक दिन बाद, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अब राज्य के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को तलब किया है। सीबीआई ने अभी तक विकास पर आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। कहा जा रहा है कि लैंड फॉर जॉब और आईआरटीसी टेंडर घोटाला में तेजस्वी यादव के खिलाफ सबूत मिले हैं। तेजस्वी यादव जांच एजेंसी द्वारा भेजे जा रहे समन के बावजूद हाजिर नहीं हो रहे हैं। इससे यह मैसेज जा रहा है कि वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी शराब घोटाला मामले में इस आधार पर ही गिरफ्तार किया गया था कि वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।
रेलवे की नौकरी के बदले जमीन, मामले में शुक्रवार को तेजस्वी यादव की दिल्ली वाले घर में श्रेष्ठ की रेड हुई है। दावा किया जा रहा है कि तेजस्वी यादव की दिल्ली की फ्रेंड्स कॉलोनी वाले घर से 53 लाख रुपये नकद, 1900 अमेरिकी डॉलर, 1.5 किलोग्राम सोने की ज्वैलरी श्रेष्ठ को मिला है। इसके बाद तेजस्वी यादव से जांच एजेंसी ने इसके बावत सवाल किए हैं और पूछा है कि इतनी बड़ी मात्रा में पैसे कहां से आए। उनसे सोने-चांदी के बारे में भी



जानकारी मांगी गई है। अब तेजस्वी यादव अगर नगदी और गहने के बारे में जांच एजेंसी को संतोषजनक जवाब नहीं दे पाते हैं तब उनकी मुश्किलें बढ़ सकती है।
सीबीआई ने तेजस्वी यादव को जमीन के बदले नौकरी मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है। सीबीआई ने डिप्टी सीएम को दूसरा समन भेजा है। इससे पहले 4 फरवरी को भी तेजस्वी को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। तब तेजस्वी यादव ने विधानसभा सत्र का हवाला देकर हाजिर होने से इंकार कर दिया था। इस दौरान वह दिल्ली जाते रहे। इसके बाद उन्हें 11 मार्च को हाजिर होने के लिए समन भेजा है। तेजस्वी यादव ने पत्नी राजश्री के स्वास्थ्य का हवाला देकर जाने से इंकार कर दिया है। राजश्री घंटो तक हुई पूछताछ के बाद बेहोश हो गई थी। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## जांच एजेंसियों की छापेमारी को लालू ने कहा निम्न स्तर की राजनीति

रेलवे में जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में फंसे राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही है। जांच एजेंसियों की लगातार छापेमारी और पूछताछ से परेशान लालू प्रसाद ने भड़कते हुए भाजपा पर निम्न स्तर की राजनीति करने का आरोप लगाया। लालू प्रसाद ने अपने आधिकारिक ट्विटर



अकाउंट से ट्वीट करते हुए लिखा कि हमने आपातकाल का काला दौर भी देखा है। हमने वह लड़ाई भी लड़ी थी। आधारहीन प्रतिशोधात्मक मामलों में आज मेरी बेटियों, नन्हें-मुन्ने नातियों और गर्भवती पुत्रवधु को भाजपाई ईडी ने 15 घंटों से बैठा रखा है। क्या इतने निम्नस्तर पर उतर कर बीजेपी हमसे राजनीतिक लड़ाई लड़ेंगी?
उन्होंने चेतावनी देते हुए यह भी लिखा कि संघ और भाजपा के विरुद्ध मेरी वैचारिक लड़ाई रही है और रहेगी। इनके समक्ष मैंने कभी भी घुटने नहीं टेके हैं और मेरे परिवार एवं पार्टी का कोई भी व्यक्ति आपकी राजनीति के समक्ष नतमस्तक नहीं होगा।
उल्लेखनीय है कि सीबीआई और ईडी लालू प्रसाद और उनके परिजनों और नजदीकियों के दर्जनों ठिकानों पर दस्तक दी है।
पटना में पिछले दिनों पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से पूछताछ भी की गई थी। तेजस्वी यादव से भी पूछताछ की गई।

## मैं महागठबंधन का हिस्सा हूं इसलिए लालू के परिवार पर ईडी का छापा



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी उनके राज्य में महागठबंधन का हिस्सा होने का नतीजा है।
कुमार ने कहा, 2017 से पांच साल तक छापे नहीं पड़े। अब क्यों हो रहे हैं? इसका सीधा सा कारण है कि मैं महागठबंधन का हिस्सा हूं। इस तरह के छापे हमें डरा नहीं सकते और हमारी सरकार बिहार को सुचारू रूप से प्रबंधित करेगी।फिर से गठबंधन बदलने पर प्रतिक्रिया देते हुए, नीतीश कुमार ने इसे अफवाह बताते हुए खारिज कर दिया कि बिहार में महागठबंधन सुचारू रूप से चल रहा है। उन्होंने कहा, चिंता न करें और अफवाहें न सुनें।

## तेजस्वी यादव की प्रेग्नेंट वाइफ ईडी की पूछताछ के दौरान हुईं बेहोश

नौकरी के बदले जमीन मामले में सीबीआई ने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को शनिवार को समन जारी किया है। इसी बीच शुक्रवार को पूरे दिन दिल्ली समेत कई जगहों पर लालू यादव और उनके रिश्तेदारों के यहां ईडी की छापेमारी की गई। कई घंटों तक तेजस्वी के दिल्ली स्थिति आवास पर पूछताछ की गई। इसी बीच तेजस्वी यादव की गर्भवती पत्नी राजश्री की तबियत खराब होने की खबरें सामने आ रही हैं।



दरअसल सीबीआई ने तेजस्वी यादव को आज नौकरी के बदले जमीन मामले में पूछताछ के लिए पेश होने के लिए कहा था। जिस पर तेजस्वी यादव ने अपनी गर्भवती पत्नी के खराब स्वास्थ्य और अस्पताल में भर्ती होने का हवाला देते हुए आज सीबीआई के सामने पेश होने में असमर्थता जताई है। बता दें कि शुक्रवार को लालू प्रसाद की तीन बेटियों चंदा, हेमा और रागिनी के अलावा बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के घर पर भी ईडी ने छापेमारी की और करीब 12 घंटे तक परिजनों से पूछताछ की थी।
मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लंबी पूछताछ की वजह से तेजस्वी यादव की गर्भवती पत्नी को ब्लड प्रेशर (बीपी) की दिक्कत हो गई और वह बेहोश हो गई। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के मुताबिक, तेजस्वी यादव की पत्नी राजश्री को दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ईडी की 12 घंटे तक चली पूछताछ के बाद राजश्री को बीपी संबंधी दिक्कत हो गई थी।

## छापेमारी की जो परंपरा कांग्रेस ने शुरू की,भाजपा भी उसी पर चल रही



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार 11 मार्च को गुजरात दौरे पर हैं। अपने दौरे के दौरान अखिलेश यादव अहमदाबाद में कई निजी कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। बता दें, अखिलेश यादव जैसे ही अहमदाबाद पहुंचे तो उन्हें मीडिया कर्मियों ने घेर लिया और सीबीआई, ईडी और आईटी रेड के बारे सवाब किए। अखिलेश ने इन सवालों का जवाब देते हुए कहा, छापेमारी की परंपरा कांग्रेस ने शुरू की थी, बीजेपी उसी रास्ते पर चल रही है।

## बिना नाम लिए उपराष्ट्रपति ने राहुल गांधी को घेरा

» बोले- कुछ लोग विदेश में भारत को कर रहे बदनाम

**मेरठ ,11 मार्च 2023(ए) ।** उपराष्टपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बिना किसी का नाम लिए शनिवार को राहुल गांधी को घेरा और कहा कि कुछ लोग भारत को विदेश में बदनाम कर रहे हैं। उपराष्टपति जगदीप धनखड़ शनिवार को मेरठ में तीन दिवसीय आयुर्वेद पर्व व एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) प्रदर्शनी के उद्घाटन पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी द्वारा लंदन में दिए गए बयान पर बिना नाम लिए हुए निशाना साधा और कहा कि मैंने अपनी दो विदेश यात्राओं के दौरान देखा है कि जब मैं खुद का परिचय देता हूं तो लोग सम्मान की दृष्टि से देखते हैं, ये है आज के भारत की ताकत। फिर भी कुछ लोग भारत को विदेश में बदनाम कर रहे हैं।
उन्होंने कहा कि देश हमेशा सबसे पहले है, और होना चाहिए। आज देश की सोच में बदलाव आ गया है, धारा में भी बदलाव आ गया है। आज के दिन भारत कहां है, जो कभी सोचा नहीं था जिसकी कल्पना नहीं थी वो सब आज यहीं हो रहा है।
कहा कि कुछ लोगों ने भारत की प्रतिष्ठा को कुंठित करने की ठान ली है। राज्यसभा में आज तक माइक ऑफ नहीं हुआ है। वे देश के बाहर जाकर कहते हैं कि संसद में माइक बंद कर दिया गया। जबकि देश के अंदर इमरजेंसी के समय संकट आया था। उस दौरान माइक भी बंद हुआ था। वह दिन अब कभी नहीं आ सकता।
धनखड़ ने कहा कि अब भारत की आवाज सुनी नहीं जाती है, बल्कि लोग इंतजार करते हैं कि भारत इस विषय पर क्या



बोलेगा। हमारा इतिहास हजारों साल पुराना है, हम एक महान राष्ट हैं, हमारे लोग महान हैं।
उन्होंने कहा कि एक वातावरण तैयार कीजिए, संसद और विधान सभाओं में आचारण अनुकरणीय होना चाहिए। वहां व्यवधान नहीं होना चाहिए। पर ये कैसे होगा। इसके लिए आप सभी को जनांदोलन करना होगा। उन लोगों को जवाबदेह बनाना होगा जो इस महान देश की उपलब्धियों का निरादर करते हैं।
कहा कि हमारी संविधान सभा ने 3 वर्षों तक अनेक जटिल और विभाजनकारी मुद्दों पर बहस की, उन्हें सुलझाया। लेकिन तीन वर्ष के लंबे समय में, कोई व्यवधान नहीं हुआ, कोई वेल में नहीं आया, कोई प्लेकार्ड नहीं दिखाये गए। हमारा आचरण आज उसके विपरीत है। हम लोकतंत्र के मंदिरों का इस तरह अनादर होते हुए नहीं देख सकते। हम न केवल सबसे बड़े प्रजातंत्र हैं, हम लोकतंत्र की जननी भी हैं।
कहा कि मुझे याद है जब मैं मंत्री था, हर सांसद को अधिकार था कि वो साल में किसी को भी 50 गैस कनेक्शन 50 फोन कनेक्शन दे सकता है। आज स्थित देखिए। आज देश की सरकार बड़ा सोचती है और उससे भी बड़ा करती है। उत्तर प्रदेश के लोगों ने क्या कभी सोचा था कि कानून व्यवस्था ठीक हो पाएगी? लेकिन आज आप देख सकते हैं। लोगों ने मुख्यमंत्री के बारे में कहा था कि देखते हैं इनकी कानून व्यवस्था कब तक टिकेगी, लेकिन ये टिक गयी है, इस पौधे की जड़ नीचे की ओर जा रही है।
उपराष्टपति ने कहा कि दुनिया ने योग की ताकत को देखा, पूरी दुनिया ने उसका समर्थन किया। कोविड के दौरान आयुर्वेद ने अपनी क्षमता सिद्ध की। हमारी संस्कृति का साफ संदेश है कि पहला सुख निरोगी काया।
उन्होंने कहा कि अब ये आपको तय करना है कि आप आयुर्वेद को कहां तक ले जाएंगे। आज लाइफस्टाइल डिसीज की बात होती है। इसमें आयुर्वेद और परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां बहुत प्रभावी हैं। यह वही बात हुई ङ्क गली में छोरो गांव में ढिढोरो।

## त्रिपुरा में कांग्रेस-लेफ्ट के सांसदों पर हमला,कई गाड़ियों में तोड़फोड़ और पथराव

» असम से आने वाले कांग्रेस सांसद अब्दुल खालिक ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने दावा किया कि वे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता थे और उनपर पथराव किया

**अगरतला ,11 मार्च 2023(ए) ।** त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा की जांच करने और प्रभावित लोगों से बात करने के लिए आए कांग्रेस और लेफ्ट सांसदों और विधायकों का एक दल पर आज हमला किया गया और वाहनों में तोड़फोड़ की। सेपाहीजाला जिला में उनपर भी हमले की सूचना मिल रही है। पुलिस ने कहा है कि टीम पर अज्ञात बदमाशों ने हमला किया था। असम से आने वाले कांग्रेस सांसद अब्दुल खालिक ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने दावा किया कि वे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता थे और उनपर पथराव किया।
उन्होंने कहा, हमारे तीन-चार वाहनों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने कुछ नहीं किया। इस घटना से लगा कि त्रिपुरा में कानून का कोई शासन नहीं है।
सहायक महानिरीक्षक (लॉ एंड ऑर्डर)




ज्योतिष्मान दास चौधरी ने बताया कि नेहलचंद्रनगर में हुए हमले में आठ सदस्यीय टीम में से कोई भी घायल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, सांसदों, विधायकों और वाम दलों के स्थानीय नेताओं और कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज बिशालगढ़ के नेहलचंद्रनगर का दौरा किया। इसकी पहले जानकारी नहीं दी गई थी। इस दौरान नारेबाजी की गई और कुछ बदमाशों ने उनके वाहनों पर हमला कर दिया।
उन्होंने कहा, पुलिस एस्कॉर्ट टीम ने तुरंत इसका जवाब दिया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दो-तीन वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। आपको बता दें कि इस घटना में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक वीडियो ट्वीट कर कहा, कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल पर आज त्रिपुरा के विशालगढ़ और मोहनपुर में भाजपा के गुंडों ने हमला किया। प्रतिनिधिमंडल के साथ जा रही पुलिस ने कुछ नहीं किया। कल वहां बीजेपी की विजय रैली हो रही है। यह पार्टी प्रायोजित हिंसा की जीत है।

## पाक की बड़ी साजिश नाकाम!

» जम्मू में घर निर्माण के दौरान मिले 5 ग्रेनेड

**जम्मू ,11 मार्च 2023(ए) ।** जम्मू-कश्मीर में एक घर से खुदाई के दौरान 5 ग्रेनेड मिले है। यह घटना जसविंदर सिंह निवासी घरोटा के गांव छंगराल केरी में सामने आई है। जानकारी के अनुसार जसविंदर सिंह अपनी भूमि पर निर्माण कार्य के लिए नींव की खुदाई कर रहा था।



इस दौरान खुदाई करते वक्त उसकी जमीन से एक सफेद बोरी बरामद हुई। बोरी को खोला तो उसमें से 5 ग्रेनेड मिले।पुलिस ने बम निरोधक दस्ते ने सभी ग्रेनेड को निष्क्रिय कर दिया है। बरामद हुए ग्रेनेड चीन में निर्मित एचई-36 है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान ने कोई बड़ी साजिश रची थी। एसडीपीओ अखनूर मोहन शर्मा ने बताया कि ग्रेनेड के टुकड़ों को जांच के लिए एफएसएल में भेजा जाएगा ताकि यह पता चल पाए कि ग्रेनेड कितने पुराने है। इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि इन ग्रेनेड को जमीन के अंदर किस ने छुपा कर रखा हुआ था।
एसएचओ जोगिंदर सिंह चिब ने मौके पर पहुंच कर कार्रवाई करके बोरी के अंदर से बरामद सभी ग्रेनेड को अपने कब्जे में ले लिया। ग्रेनेड की हालत से लग रहा था कि वे काफी वर्षों से भूमि के नीचे दबे हुए थे।
वहीं, इलाके में ग्रेनेड बरामद होने के बाद से स्थानीय लोगों में दहशत है। किसी को इस बात की भनक भी नहीं थी कि जमीन में पांच ग्रेनेड रखे हैं। फिलहाल ये पता चला है कि ये ग्रेनेड कई साल से जमीन के अंदर ही दबे हैं।

## बेंगलुरु में एयर एशिया विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

» 10 मिनट पहले लखनऊ के लिए भरी थी उड़ान

**नई दिल्ली ,11 मार्च 2023(ए) ।** बेंगलुरू से लखनऊ जाने वाली एयर एशिया की फ्लाइट ने आज तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के 10 मिनट बाद केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर आपात लैंडिंग की। फ्लाइट ने शनिवार सुबह करीब पौने 7 बजे उड़ान भरी थी और इसे लखनऊ में सुबह 9 बजे लैंड करना था। हालांकि, उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद इसे ग्राउंडेड कर दिया गया।



घटना की पुष्टि करते हुए एआईएक्स कनेक्ट के प्रवक्ता ने कहा, 'बेंगलुरु से लखनऊ से जाने वाली फ्लाइट द्ब5-2472 को एक मामूली तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ा। इस वजह से फ्लाइट बेंगलुरु लौट आई।' प्रवक्ता ने आगे कहा, 'प्रभावित यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।' वहीं अन्य फंक्शन को ठीक करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।
लैंडिंग से पहले एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में दमकल गाड़ियों को तैनात किया गया था। ताकि कोई हादसा होने पर उसे नियंत्रित किया जा सके। बताया जा रहा है कि फ्लाइट के इंजन-2 में ऑयल तेजी से कम हो रहा था। देखने पर पता चला कि दूसरे इंजन से तेल लीक हो रहा है। इंजन का तेल घटकर 8 क्यूटीएस हो गया था, जिसके बाद फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराने का फैसला लिया गया।

## स्वाति ने पिता पर लगाया यौन शोषण का आरोप

» मेरी चोटी पकड़कर दीवार से टकरा देते थे,

» कई रातें बिस्तर के नीचे बिताईं

**नई दिल्ली ,11 मार्च 2023(ए) ।** महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने बताया कि बचपन में मेरे पिता मेरा यौन शोषण करते थे। इसकी वजह से मैं अपने ही घर में डर कर रहती थी। वो बिना वजह मुझे पीटते थे, चोटी पकड़कर सर दीवार पर टकरा देते थे।
सुंदर ने अपने पिता पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उन्होंने बताया- जब वो 8 साल थीं तब उनके पिता ने उनके साथ यौन उत्पीड़न किया था। जब 15 साल की हुई तब मुझमें इस अपराध का विरोध करने की हिम्मत आई।एक समय ऐसा आया जब मुझे खुद अपना स्टैंड पड़ा। खुशबू ने बताया कि पिता उनकी मां को भी मारा-पीटा करते थे।

### स्वाति मालीवाल का बयान

स्वाति ने कहा 'मुझे अभी तक याद है कि मेरे फादर मेरे साथ यौन शोषण करते थे। जब वो घर में आते थे तो मुझे बहुत डर लगता है। मैंने न जाने कितनी रातें बिस्तर के नीचे बिताई हैं। मैं डरकर, सहमकर कांपती रहती थी। उस वक्त मैं सोचती थी कि ऐसा क्या करूं जिससे इस तरह के सभी



आदमियों को सबक सिखा सकूं।

### बचपन के उस ट्रॉमा से बाहर निकल पाती

मेरे फादरको इतना गुस्सा आता था कि वो कभी भी मेरी चोटी पकड़कर मुझे दीवार पर टकरा देते थे, खून बहता रहता था, बहुत तड़प महसूस होती थी। उस तड़प से मेरे मन में यही चलता रहता था कि कैसे इन लोगों को सबक सिखाऊं। मेरी जिंदगी में मेरी मां, मेरी मौसी, मौसाजी और मेरे नानी-नानाजी न होते तो मुझे नहीं लगता कि मैं बचपन के उस ट्रॉमा से बाहर निकल पाती।

### इंसान के अंदर वो हिम्मत आती है जिससे वो पूरा सिस्टम हिला पाता है

उन्होंने बताया कि तब मैं पूरी रात प्लानिंग करती थी कि जो भी आदमी महिलाओं के साथ, बच्चियों के साथ ऐसा सलूक करते हैं उन्हें सबक सिखाऊंगी. मुझे मेरे पिता बेरहमी से पीटा करते थे. मैं कक्षा 4 तक अपने पिता के साथ रही थी. मेरा मानना है कि जब कोई इंसान अत्याचार सहता है तभी वो दूसरों का दर्द समझ सकता है. तभी उस इंसान के अंदर वो हिम्मत आती है जिससे वो पूरा सिस्टम हिला पाता है. शायद मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ।

C M Y K

## संपादकीय

# कांग्रेस के राज्य नेता ही चुनाव लड़ाएंगे!

इस साल जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं वहां भाजपा के तीनों शीर्ष नेताओं ने पूरा दम लगाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा लगातार चुनावी राज्यों का दौरा कर रहे हैं। उनकी रैलियां हो रही हैं और रोड शो हो रहे हैं। अगर सिर्फ कर्नाटक को देखें, जहां अगले महीने चुनाव घोषित होने वाले हैं तो वहां हफ्ते में दो दिन जरूर भाजपा के तीन शीर्ष नेताओं में से किसी एक का कार्यक्रम हो रहा होता है। इसके बरक्स कांग्रेस में पूरी तरह से शांति है। किसी राष्ट्रीय नेता का कोई कार्यक्रम कर्नाटक या किसी अन्य चुनावी राज्य में नहीं हो रहा है।

कांग्रेस के जानकार सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की चुनाव रणनीति भाजपा से अलग है। भाजपा में उसके शीर्ष नेता राज्यों का चुनाव लड़वाएंगे, जबकि कांग्रेस में राज्यों के ही नेता चुनाव लड़वाएंगे। कांग्रेस के शीर्ष राष्ट्रीय नेता राज्यों के चुनाव में गेस्ट अपीयरेंस देंगे यानी मेहमान भूमिका निभाएंगे। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की चुनावी रैलियां और रोड शो होंगे लेकिन ऐसा नहीं है कि ये दोनों जी-जान लगा कर पार्टी को चुनाव लड़ाएंगे, जैसे भाजपा के नेता कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि प्रदेश के नेताओं को ही अपने शीर्ष नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। उनको लग रहा है कि राहुल और प्रियंका से ज्यादा करिश्मा या जमीनी पकड़ उनकी है इसलिए उन्हीं को चुनाव लड़ाना चाहिए।

कांग्रेस के जानकार नेताओं के मुताबिक कर्नाटक का चुनाव प्रदेश अध्यक्ष डीक शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया लड़वाएंगे। प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेवाला की भी सीमित भूमिका होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कर्नाटक के ही रहने वाले हैं लेकिन चुनाव में वे भी बड़ी भूमिका नहीं निभाने वाले हैं। ध्यान रहे अध्यक्ष बनने के बाद उनके स्वागत कार्यक्रम के अलावा उनकी कोई बड़ी रैली या रोड शो वगैरह नहीं हुआ। वे अपने कुछ करीबियों को टिकट दिलवाएंगे और चुनाव के समय कुछ रैलियां कर देंगे।

अगले साल छत्तीसगढ़ में भी चुनाव हैं और यह तय है कि वहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव लड़वाएंगे। वहां भी चुनाव में राहुल, प्रियंका सिर्फ रैली करने जाएंगे। प्रभारी महासचिव का भी कोई काम नहीं होगा। मध्य प्रदेश में सब कुछ कमलनाथ को सौंप दिया गया है। जो करेंगे कमलनाथ करेंगे। कहीं कहीं थोड़ी भूमिका दिग्विजय सिंह की भी होगी लेकिन बाकी किसी नेता का कोई रोल नहीं है। राजस्थान में प्रदेश नेतृत्व को लेकर कंफ्यूजन है लेकिन यह तय है कि चुनाव में केंद्रीय नेताओं की कोई भूमिका नहीं रहने वाली है। इसी तरह हरियाणा में सब कुछ भूपेंदर सिंह हुड्डा के हवाले हैं। उनके अलावा किसी नेता का कोई मतलब नहीं रहने वाला है। लगभग सभी राज्यों की स्थिति यही है।

# जी-20:महिलाओं के नेतृत्व में विकास की पहल

भारत को जी-20 की अध्यक्षता एक महत्वपूर्ण मोड़ और उपयुक्त समय पर मिली है। पिछले तीन वर्षों में संकट का सामना कर चुके दुनियाभर के देश बेहतर स्थिति में पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। कोविड-19 महामारी से लेकर चल रहे जलवायु संकट तक, अब यह बात स्वीकार की जा चुकी है कि किसी भी संकट का प्रभाव लैंगिक आधार पर होता है। इसमें महिलाओं और लड़कियों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। उनकी सुरक्षा, आजीविका और स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है।

भारत की अध्यक्षता में जी-20 महिलाओं और लैंगिक समानता पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं की पूंजी तक पहुंच, उद्यमशीलता और श्रम शक्ति की भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण मसलों का अनिवार्य रूप से समाधान करने पर जोर दिया है।

घरेलू मोर्चे पर, भारत सरकार ने जीवन के सभी पड़ाव में महिलाओं के समग्र विकास की प्रतिबद्धता के साथ आत्मनिर्भर भारत विकास के एजेंडे में महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखने का निर्णय लिया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के कारण 2014 से जन्म के समय लिंगानुपात में 16 अंकों का सुधार हुआ है। माइक्रो-फाइनेंस प्रदान करने वाली मुद्रा योजना में 70 फीसदी से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं। एकीकृत पोषण सहायता कार्यक्रम, मिशन पोषण 2.0 के जरिए 1.2 करोड़ से अधिक गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं की देख-रेख की गई है। इसके अलावा, कामकाजी महिला छात्रावासों की स्थापना से लेकर कई कौशल विकास कार्यक्रमों का शुभारंभ और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं हिंसा से मुक्ति की पहल- ये सभी भारत की महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और स्वाभिमान सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिए जाने के उदाहरण हैं।




तेजी से और हमारे समाज के परंपरागत लोकाचार के अनुरूप, सरकार भी समाज के स्तर पर सार्थक परिवर्तन लाने के लिए नारी शक्ति की महत्ता को पहचान रही है। सीधे तौर पर कहें तो महज विकास के लाभार्थियों के रूप में नहीं, बल्कि विकास के प्रेरक और बदलाव के वाहक के रूप में महिलाओं की भूमिका पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है।

2023 में भारत के नेतृत्व में जी-20 के प्रयासों को आगे बढ़ाने के साथ ही अब समय आ गया है कि हम महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के एजेंडे को भी आगे बढ़ाएं। यह जानते हुए कि जेंडर एक ऐसा विषय है जिससे कई चीजें जुड़ी होती हैं और जो दूसरी लगभग सभी विकास संबंधी संभावनाओं को प्रभावित करती हैं, हम आशा करते हैं कि जी-20 एजेंडे और इससे जुड़े समूहों में लैंगिक समानता पर नए सिरे से जोर दिया जाएगा।

विशेष रूप से, हम निम्नलिखित विषयों पर ठोस कदम उठाए जाने की उम्मीद करते हैं: पहला, महिलाओं के डिजिटल और वित्तीय समावेशन का समर्थन। वैश्विक स्तर पर लगभग आधी (42 प्रतिशत) महिलाएं एवं लड़कियां औपचारिक वित्तीय प्रणाली से बाहर हैं। वित्तीय समावेशन दरों में प्रगति के बाद भी, लैंगिक अंतर कम नहीं हुआ है और यह 7 प्रतिशत का अंतर बना हुआ है। डिजिटल प्रौद्योगिकी नवाचारों (विशेष रूप से सूचना एवं संचार के लिए) में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में तेजी लाने की क्षमता है। अभी, दोनों डिजिटल प्रौद्योगिकी और डिजिटल शिक्षा तक पहुंच में डिजिटल लैंगिक अंतर बरकरार है। भारत ने जेएएम या जन धन-आधार-मोबाइल प्लेटफॉर्म के माध्यम से महिलाओं के लिए डिजिटल वित्तीय समावेशन को प्राथमिकता दी है। इसकी मदद से कई महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम सीधे महिलाओं तक पहुंच सके हैं और उन्हें मजबूती देने के साथ आर्थिक रूप से सशक्त भी किया है। जी-20 के माध्यम से हमें महिलाओं के डिजिटल एवं वित्तीय समावेशन को मजबूत करने के लिए इसी तरह की ठोस पहलों पर ध्यान देना चाहिए।

दूसरा, विकास में समान रूप से भागीदार बनाने के लिए महिलाओं की क्षमताओं को मजबूत करना। यह अर्थव्यवस्था और समाज दोनों में महिलाओं की भागीदारी में निरंतरता सुनिश्चित करने के साथ ही उनके प्रवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। उदाहरण के तौर पर, पूरी दुनिया में शिक्षा को सशक्तिकरण का आधार माना गया है, इसके बावजूद केवल 49 प्रतिशत ने प्राथमिक शिक्षा में लैंगिक समानता हासिल की है। निम्न माध्यमिक शिक्षा में यह आंकड़ा 42 प्रतिशत और उच्च माध्यमिक शिक्षा में 24 प्रतिशत ही है। पूरी दुनिया में करीब 1.1 अरब महिलाएं और लड़कियां औपचारिक वित्तीय प्रणाली से बाहर हैं, इनमें से कइयों की डिजिटल तकनीक तक सीमित पहुंच है। इसी प्रकार से, दुनियाभर के देशों में काफी ज्यादा देखभाल का काम महिलाएं बिना वेतन के करती हैं। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि जी-20 साथ मिलकर काम करे और महिलाओं के जीवन में एवं उनके कार्यस्थल पर लंबे समय से चली आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए आम सहमति बनाकर फैसले लिए जाएं।

तीसरा, निर्णय लेने के सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को सक्षम बनाना। आज, भारत में प्रशासनिक कार्यालयों में 1.90 करोड़ से अधिक महिलाएं, पंचायती राज संस्थानों के लिए चुनी गई 17,000 से अधिक महिलाएं और रक्षा बलों में 10,000 से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं। महिलाओं के नेतृत्व में विकास के लिए ऐसा दृष्टिकोण उनकी अद्वितीय संभावनाओं, अनुभवों और नेतृत्व शैली को सामने लाने के लिए महत्वपूर्ण होगा, बदले में महिलाएं अधिक समावेशी और प्रभावी निर्णय लेने की स्थिति में पहुंच सकेंगी।

आखिर में, विभिन्न पहलों से मिले परिणाम की स्थिरता को सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए, अलग-अलग लैंगिक डेटा प्रणाली को प्राथमिकता में रखना जरूरी होगा। इस डेटा को इकट्ठा और साझा करने पर विशेष ध्यान देना लैंगिक समानता की दिशा में हो रही प्रगति की निगरानी एवं लक्षित प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण होगा।

दुनिया ने जिन संकट का सामना किया है, उसने हमें अपने सामान्य विकास लक्ष्यों को हासिल करने से पीछे धकेल दिया है- भारत की जी-20 अध्यक्षता हमें अगले चरण के विकास के लिए एजेंडा तय करने का अवसर प्रदान करती है। ऐसे मौके पर, यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम महिलाओं को अपने प्रयास के केंद्र में रखें ताकि एक बेहतर कल मिल सके।

**अमिताभ कांत**

# कर्मचारियों को प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाना चाहिए

पूरे भारत के सभी राज्यों में जहाँ देखो वहीं पुरानी पेंशन के लिए कर्मचार्यों मे हाहाकार मचा हुआ है।कर्मचारी किसी भी विभाग का क्यों न हों,शासन ने इस पुरानी पेंशन को जब से बंद किया है और उसकी जगह अंशदायी पेंशन योजना लागु किया है तब से कहीं न कहीं कर्मचारियों की आवाज उठती रही है,और वर्तमान में उठ भी रही है। और जब तक पुरानी पेंशन नहीं मिल जाती तब तक यह आवाज उठती भी रहेगी। वैसे छत्तीसगढ़ शासन ने इस पर विशेष पहल करते हुए कर्मचारियों के हित में अपने पिछले बजट में इसकी घोषणा की थी।लेकिन इसमें वस्तुस्थिति साफ नजर नही आई।कर्मचारियों की मानें तो इसमें बहुत लोचा है,इसके नियम स्पस्ट और उचित नही है।इसकी जब घोषणा हुई तो इसकी शुरआत कब से की जाएगी?कैसे वेतन निर्धारित की जाएगी?

आदि-आदि।कर्मचारियों के द्वारा लगातार शासन पर स्थिति स्पस्ट करने के लिए दबाव डाला गया, तब यह आदेश आया की उनकी संविलियन तिथि से ही उनको पुरानी पेशन का हकदार माना जाएगा। या फिर संविलियन तिथि से जिनकी सेवा 10 साल हो गई हो, उसको इसका लाभ मिलेगा।ऐसा आदेश पाकर कर्मचारियों को रास नही आया बात सही भी है। क्योंकि 2018 में शिक्षा कर्मियों को संविलियन किया गया।और इसी सन से पुरानी पेंशन की गणना की जाएगी।इस हिसाब से इनकी सेवा की अवधि बहुत कम हो गई।यहाँ पर सोचने वाली बात यह है की उक्त सेवा में आये कर्मचारियों को आज की तारीख में लगभग 25 साल से अधिक हो गये हैं।पिछली सेवा पर कुठाराघात हो गया।

कर्मचारियों के संघ नेताओं का यह कहना है की- ÷ इसका लाभ हमें प्रथम नियुक्ति तिथि से प्रदान किया जाय।यदि संविलियन तिथि से इसका लाभ दिया जाता है तो यह कर्मचारियों के प्रति अन्याय होगा। और इससे बहुत नुक्सान होगा।इस प्रकार से पुरानी पेंशन का कोई औचित्य ही नही रह जायेगा।उन्होने आगे यह बताया की हमें जीवन भर के इस सेवा का प्रतिसाद मिलना चाहिए।क्योंकि यह एक शासकीय कर्मचारी का हक है।सेवा निवृत के बाद आखिर में वह किसके सहारे जीवन यापन करेगा।जीवन के आखिरी पढ़ाव बुढ़ापा में वह कुछ कर भी नही सकता।यही उसके सहारा का एक मात्र उपाय है।शासन के सभी सेवकों को चाहे वह नेता हो या सामान्य कर्मचारी यह पेंशन तो मिलता ही है।तो इसी शासन की सेवा करने वाला कर्मचारियों को प्रथम नियुक्ति तिथि से पेशन का लाभ क्यों नही दिया जा रहा,खेद का विषय है।

अतः शासन को इस पर साहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए प्रथम नियुक्ति तिथि से इसका लाभ अवश्य प्रदान किया जाना चाहिए।



अशोक पटेल आशु
शिवरी नारायण
छत्तीसगढ़

# सोशल नेटवर्किंग,डिजिटल क्रांति सफलता भी मानसिक सामाजिक परेशानियां भी

21वीं सदी इंटरनेट और वेब मीडिया युग की शताब्दी मानी जा रही है इसलिए सूचना के आदान-प्रदान जनमत तैयार करने विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृति को आपस में जोड़ने तथा भागीदार बनाने में सोशल नेटवर्किंग एक बेजोड़ उपकरण की तरह उभरी है। सोशल नेटवर्किंग साइट आज स्टेटस सिंबल भी बन गई है। इसमें जितनी अच्छाइयां हैं दूसरी तरफ उतनी ही बड़ी परेशानी का सबब भी है। आज इस युग में सोशल मीडिया ने विश्व के लोगों को जोड़कर एक ऐसे नए नागरिक का जन्म किया है, जो स्वयं तो जागरूक है दूसरों को भी जागरूक कर रहा है पर इससे बच्चे ही आने आने वाली पीढ़ी के नागरिक मानसिक द्वंद और वयस्क दुनिया में अचानक प्रवेश कर जाते हैं। इसके अलावा मानसिक रोगों को जन्म देने वाली भी यह एक बड़ी मशीन है। आज गांव से लेकर शहर तक हर आदमी सोशल मीडिया के प्रयोग से ग्रसित है और मानसिक संतुलन खोने की स्थिति तक पहुंच चुका है। परिवार के अभिभावकों द्वारा बच्चों से मोबाइल छीन लेने पर बच्चों के आत्महत्या के प्रकरण में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है। वर्तमान में सोशल नेटवर्किंग साइट इंटरनेट का एक अभिन्न हिस्सा है जिसका उपयोग विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जा रहा है। यह एक ऑनलाइन मंच है जो सार्वजनिक प्रोफाइल बनाने तथा वेबसाइट पर उपयोगकर्ताओं के साथ सहभागी होने की अनुमति देता है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, लिंकडेंन, इंस्टाग्राम और न जाने कितने ऐसे साइट्स हैं जो दुनिया भर के लोगों को एक दूसरे से अनायास जोड़ देते हैं। इंटरनेट के जरिए विश्व के अनेक देशों की दूरियां पलक झपकते खत्म हो जाती है। वैश्विक नागरिक जन अब इंटरनेट मीडिया नामक एक आभासी देश के नागरिक बन चुके हैं। फेसबुक का आविष्कार 2004 में और ट्विटर का आविष्कार 2006 मे हुआ है। फेसबुक के निर्माता मार्क जुकरबर्ग ने फेसबुक का निर्माण कर दुनिया में तहलका मचा दिया है। फेसबुक का इस्तेमाल विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जाता है। यह दुनिया का सबसे लोकप्रिय साइट है। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम के बड़े उपयोगकर्ता भारत में निवास करते हैं। आंकड़ों की मानें तो भारत में ही 350 मिलियन सोशल नेटवर्किंग के ग्राहक हैं, और 2023 में इनकी संख्या 450 मिलियन होने की संभावना है। एक गणना के अनुसार भारत में लोग सोशल मीडिया पर 24 घंटे गुजारते हैं जबकि भारत से समृद्ध देश जापान के लोग केवल 47 से 50 मिनट तक की सोशल मीडिया पर उपस्थित रहते हैं। सोशल मीडिया नेटवर्किंग कोई भी सकारात्मक रूप से लें इसके बहुत फायदे हैं, इसके फायदे की जद में न सिर्फ बच्चे बल्कि शिक्षक, व्यवसाई, न्यूज़पेपर, मीडिया चैनल आदि भी हैं जिसका परिणाम सोशल मीडिया एक विशाल नेटवर्क बन गया है।ये पूरे विश्व को जोड़कर रखने में सक्षम है। इसके अलावा यह संचार का अच्छा माध्यम होने के साथ-साथ बहुत तेज गति से सूचनाओं का आदान-प्रदान भी करता है। भौगोलिक तथा सांख्यिकी रूप से विशाल देश भारत में जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इसको अभियान की तरफ अपनाया गया है। इसके अलावा यह रोजगार प्रदान करने वाला माध्यम भी बन गया है। यह शिक्षा तथा ज्ञान का एक विशिष्ट माध्यम बन गया है। एक झटके में एक क्लिक से विश्व की कोई भी जानकारी इसमें तत्काल उपलब्ध हो जाती है। सोशल नेटवर्किंग का सबसे ज्यादा फायदा कोविड-19 के संक्रमण काल में करुणा की महामारी को रोकने के लिए इस संबंध में बचाव कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए हुआ है। अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, कनाडा, इजराइल,ऑस्ट्रेलिया जैसे सक्षम देश में महामारी से लाखों लोगों की मौत हुई किंतु सोशल नेटवर्किंग के बलबूते पर भारत शासन ने कोविड-19 की महामारी में विशाल जनसंख्या के होते हुए भी प्रभावी नियंत्रण पा लिया है। सोशल नेटवर्किंग की इस सदी की सबसे बड़ी मानवीय सहायता है। भारत देश के अच्छे कार्यों तथा चीन और पाकिस्तान के गलत तरीके से भारत की सीमा में घुसने के समाचारों को सोशल नेटवर्किंग से प्रचारित प्रसारित कर भारत को वैश्विक समर्थन आप करने में सोशल मीडिया का बहुत बड़ा सहयोग रहा है। भारत के प्रधानमंत्री वैश्विक स्तर पर दूसरे नंबर के सर्वाधिक लोकप्रिय व्यक्ति भी सोशल मीडिया के कारण ही बने हैं।

पर यदि सोशल मीडिया के नकारात्मक पहलू पर अपन चर्चा ना करें तो यह बात अधूरी रह जाएगी, सोशल मीडिया का ज्यादा प्रयोग मानव मस्तिष्क को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है, जिससे व्यक्ति के डिप्रेशन में जाने की संभावना हो सकती है। सोशल मीडिया साइबर क्राइम को बढ़ावा देता है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है यहां हर संप्रदाय तथा धर्म के लोग निवास करते हैं ऐसे में सोशल मीडिया फर्जी न्यूज़ तथा भड़काऊ भाषण फैलाने में एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे देश में स्थिरता एवं सांप्रदायिक दंगे फैलने की संभावना बलवती होती है। इसके अलावा साइबर अपराध का भी एक बड़ा माध्यम बन गया है। सोशल मीडिया का अधिक उपयोग मनुष्य के शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य को बहुत ज्यादा प्रभावित करता है एवं मनुष्य की स्मरण शक्ति सोचने की शक्ति विश्वास की प्रवृत्ति धीरे-धीरे कमजोर होने लगती है, और इसके अनियंत्रित प्रयोगों से व्यक्ति कि व्यक्ति से दूरी बढ़ते जा रही है। साइबर स्कैम या अपराध सोशल मीडिया की सबसे बड़ी नकारात्मक बात है। फेसबुक तथा ट्विटर सबसे ज्यादा धार्मिक भावनाओं और राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान का निषेध करने वालों कानूनों का उल्लंघन करता है। सोशल नेटवर्किंग आज की स्थिति में सामाजिक सौहार्द के सामने सोशल मीडिया एक चुनौती बनकर खड़ा है। जो अनेक भ्रांतियां तथा भ्रम फैलाने का काम करता है। इस तरह सोशल मीडिया नेटवर्क ज्ञान, धन अर्जन एवं अच्छे कामों के लिए संचार का सुलभ माध्यम है पर इसके दुरुपयोग से इसकी विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े हुए हैं। सोशल नेटवर्किंग अब जीवन का एक आवश्यक हिस्सा बन चुका है अतः आवश्यक है कि निजता के अधिकार का उल्लंघन किए बिना सोशल मीडिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए हम सबको नए विकल्पों की खोज करनी चाहिए, जिससे इसकी अच्छाइयों को आत्मसात करते हुए भविष्य में इसके संभावित दुरुपयोग नुकसान तथा दुष्प्रभावों से बचने का उपाय हमें खोजना होगा।



**संजीव ठाकुर,**
रायपुर
छत्तीसगढ़

# देश में लोकतंत्र के बदलते मायने

अर्थ व्यवस्था और लोकतंत्र के संबंध को दो तरह से देखा जा सकता है।

एक नजरिया यह हो सकता है कि लोकतंत्र अपने उद्देश्यों के अनुरूप अर्थ व्यवस्था बनाएं। दूसरा नजरिया यह हो सकता है कि अर्थ व्यवस्था अपने फलने फूलने के अनुरूप लोकतंत्र की रूपरेखा तैयार करें। भारत में ब्रिटिश साम्राज्य के शासन को समाप्त करने के पीछे लोगों के आंदोलन के पीछे यह उद्देश्य निहित था कि वह स्वयं एक ऐसी अर्थ व्यवस्था का निर्माण करे, जिसमें समानता की स्थिति बहाल हो सके। समानता क्या है?

अर्थ व्यवस्था ऐसी हो जिसमें सभी के लिए बराबर की आर्थिक स्थिति तैयार हो सके। यहां यह महत्त्वपूर्ण है कि बराबर की अर्थ व्यवस्था के लिए हमने लोकतंत्र का रास्ता चुना। जब 1947 में ब्रिटिश शासकों से देश के प्रतिनिधियों के हाथों में सत्ता आई तो इसके बाद एक निश्चित समय में यह अध्ययन किया जाता था कि देश में जो आमदनी हो रही है, वह आमदनी समाज में किस तरह से वितरित हो रही है। योजना आयोग यह जिम्मेदारी पूरी करता था। इसमें सत्ता हस्तानांतरण के लगभग 15 साल बाद पी सी मोहनवीस (1964) की अगुवाई में बनी ऐसी समिति का यहां उल्लेख किया जा सकता है। इस समिति ने अपने अध्ययन के बाद यह पाया कि राष्ट्रीय कमाई का बड़ा हिस्सा वितरित नहीं हो रहा है बल्कि कुछ लोगों के नियंतण्रमें पहुंच रहा है। इस अध्ययन के बाद यह महसूस किया गया कि लोकतंत्र के रास्ते में कुछ सुधार की जरूरत है, जिससे आमदनी का समान वितरण हो सके।


तात्पर्य है कि लोकतंत्र के प्रतिनिधियों का समय-समय पर अपने उद्देश्यों के अनुरूप अर्थ व्यवस्था के निर्माण को लेकर चौकस रहना जरूरी होता है। नागरिकों के लिए स्वतंत्रता और समानता दोनों स्थितियां महत्त्वपूर्ण है। अरुण कुमार जिन्हें पाठक वर्ग पानी बाबा के नाम से भी जानते रहे हैं, उन्होंने एक कार्यक्रम में अपना एक संस्मरण सुनाया था। उन्होंने ब्रिटिश सत्ता के खत्म होने के बाद राजस्थान के गावों में जाकर पूछा कि अपनी सरकार के बनने के बाद वे कैसा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने गांवों में यह देखा कि लोगों के बीच तंगहाली और बदहाली की स्थिति है। उन्होंने यह सोचा कि लोग अपनी माली हालत के मद्देनजर यह प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकते हैं कि इस आजादी से राजनीतिक गुलामी ही स्थिति बेहतर थी, लेकिन उन्हें उलट जवाब मिला। उन्होंने एक बूढ़ी महिला से पूछा कि पहले उन्हें कम-से-कम खाने-पीने के लिए तो पर्याप्त मिल जाता था? जवाब में महिला ने कहा कि गुलामी की घी से चुपड़ी रोटी से अच्छी है, आजादी की सूखी रोटी। यह एक उदाहरण है जिसमें यह समझा जा सकता है कि अर्थ व्यवस्था महज आर्थिक गतिविधियों का पर्याय नहीं है। नागरिकों के लिए अर्थ व्यवस्था में लोकतंत्र गुंथा हुआ है। क्योंकि मनुष्य का शरीर केवल खाने पीने की मशीन नहीं है। लोकतंत्र की आर्थिक गतिविधियों में राजनैतिक अधिकार सबसे महत्त्वपूर्ण कारक होता है।

उपरोक्त स्थितियों से उलट एक नई स्थिति हाल में कई चुनावों में मिली। चुनाव ही वह जरिया है, जिसमें नागरिक अपने राजनैतिक अधिकार का इस्तेमाल करके लोकतंत्र के लिए प्रतिनिधि चुनता है ताकि वह लोकतंत्र की स्थितियों का बहाल रख सके और अपने उद्देश्यों को पूरा करने में आगे बढ़ सके, लेकिन अपने देश में नवीनतम अनुभव यह हुआ कि एक चुनाव में एक उम्मीदवार ने एक गणित बैठाया कि यदि वह बेहद बुरी आर्थिक स्थिति में रहने वाले मतदाताओं में से अपनी जीत के लिए कुछेक हजार मतदाताओं को प्रति मतदाता एक से डेढ़ हजार रुपये देकर उनके राजनैतिक अधिकारों को खरीद लें तो उसे अधिकतम कितनी पूंजी का विनियोग करना होगा। उसने अपने अनुमानित बजट में उस चुनाव क्षेत्र के कुछेक हजार मतदाताओं के वोट खरीद लिये और ढाई लाख मतदाताओं के क्षेत्र में महज सोलह हजार मत हासिल कर चुनाव जीत गया। यह उदाहरण है कि लोकतंत्र द्वारा अपने उद्देश्यों के अनुरूप अर्थव्यवस्था के निर्माण से उलट नई अर्थव्यवस्था अपने उद्देश्यों के अनुरूप लोकतंत्र की रूपरेखा निर्धारित कर रही है। यह महज संयोग नहीं है कि पेड न्यूज के साथ-साथ पेड वोट (वोट की खरीदी) का चलन भी लोकतंत्र की प्रक्रिया में हावी हो गया है।

**अनिल चमड़िया**

## बरसते मौसम

आंखों में ऐसे बस गए हैं
ये बरसते मौसम
दीदार की ख़्वाहिश में
लम्हों को गिनते मौसम
यादों के कारवां लिये गुज़िश्ता वक्त के
उस ख़ुशनुमां मंज़र को
फिर तरसते मौसम
होने लगे वो आमद दस्तक दिये बिना
के करके यूं आराईश से संवरते मौसम
उनकी परस्तिश का इरादा है आरजू भी
ये अनकहे जज़्बात बयां करते मौसम
उल्फ़त का रुह पे यूं होने लगा असर
के शबनमी अश्कों में यूं पिघलते मौसम



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

## ये औरतें भी ना..!!

ख़ुद रूठती, मान भी ख़ुद जाती हैं
आँखों से झरते टेसू, ख़ुद पोंछती हैं
सचमुच देखो बड़ा ड्रामा करती हैं
ये औरतें भी ना
ख़ूबसूरत दिखना भी चाहती हैं
ख़ुद को ज़रा संवारती भी नहीं
चाहती हैं जी भर खिलखिलाना
पर खुल कर मुस्कुराती भी नहीं
सचमुच देखो बड़ा ड्रामा करती हैं
ये औरतें भी न
गर्मियों में हो कर हैरान-परेशान
बारिशों में भीगने का करें इंतज़ार
पावस जब आये तो लोक-लाज
के मारे, घर में छुपी रहें मन मार
सचमुच देखो बड़ा ड्रामा करती हैं
ये औरतें भी न



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

## मेहंदी

हथेलियों पे रच के मुस्कुरा रही है मेहंदी।
तुम्हारे संग ये भी शरमा रही है मेहंदी।
मरमरी हाथों से आती है प्यार की खुशबू,
राजे मोहब्बत समझा रही है मेहंदी।
मैं क्या मिसाल दूं इन गोरी हथेलियों की,
मेरी निगाहों को बस भरमा रही है मेहंदी।
कितनी खुशनसीब है जो ये हाथों पे छाई है,
अपने मुकद्दर पे इतरा रही है मेहंदी।
आज मुस्कुराएंगे मोहब्बत के फूल बाहों में,
चुपके चुपके से यही गुनगुना रही है मेहंदी।
तुम्हारी हर अदा तस्वीरे कयामत है,
मगर सागर मुझे तड़फा रही है मेहंदी।



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

## उसने कैमरा उठा लिया

आग की लपटें उठ रही थी
वो मुश्किल में फंसी हुई थी
मदद के लिए लगी चिल्लाने
तो लोगों ने कैमरा उठा लिया
अपने हाथों को लगी उठाने
लगी उम्मीद से गुहार लगाने
किसी ने फ़र्ज़ अदा न किया
उसकी अब सांसे टूट रही थी
सड़क पे हुई दुर्घटना बड़ी थी
कोई न आया उसे तब बचाने
पर सभी ने कैमरा उठा लिया
एक अमूल्य जीवन को बचाने
इंसानियत के फ़र्ज़ को निभाने
क्यूँ किसी का दिल नहीं किया?
लगी उसको तो भूख बड़ी थी
कचरे के डिब्बे में पूड़ी पड़ी थी
गया वो बेबस जब उसे उठाने
उसका एक वीडियो बना लिया
जा न सका कोई उसे खिलाने
बस लाचारी का मज़ाक बनाने,
कैसे इस काम को अंजाम दिया?



**आशीष शर्मा अमृत**
जयपुर, राजस्थान

## मैं तुझसे हूँ तू मुझसे है

मैं तुझसे हूँ तू मुझसे है
ये कैसा बंधन बँधा सा है।
सबसे अनोखा दोनों हैं
तू जुदा मैं भी जुदा सा।
फिर भी रंग मैं तू खुशबू सा
मुझमे है पर नजर ना आए।
मैं तुझमे पर पर नज़र ना आऊँ
दो जिस्म पर एक जान सा।
तू रूह की सुकून मैं साया सा
तू मुझमे है मैं तुझमे हूँ बोलो ना।
हम एक रिश्ते के दो साये हैं
एक के बिना दूजा अधूरा सा है।
जब तुम जो रूठ जाते हो मुझसे
मैं तो बस टूट ही जाती हूँ अंदर से।
माना कि हम दूर हो कर भी पास हैं
मुझे सजा देकर तुझे भी चैन ना
आया।
मुझसे ज्यादा तुमने आँसू बहाया
क्यूँकी तू मुझमें है
मैं तुझमे हूँ समाया।
तुमसे दूर भी रहें तो उम्मीद होती है
जब मिलोगे तो
पहले से कहीं ज्यादा।
मुझे खुद में और खुद
को मुझमे पाओगे
और ये प्रेम गहरा और
गहरा हो जाएगा।
तू मेरी सारी दुनिया है और
मैं तेरी बन जाऊँ
पर मजबूरी ऐसी की
जहां को ना बता पाऊँ।
इतना काफ़ी है तू मुझमे
मैं तुझमे बाकी हूँ
दुनिया की परवाह किसे
बस तेरे लिए ही।
ये सांसे ग़र चलती है तो
बस तेरे ही लिए
मुझमे जिन्दा है तू
तुझमें जिन्दा हूँ मैं यारा।
आओ ये वचन निभाते हैं
हम दोनों साथ
जब जब लगे जिंदगी
कुछ फीकी फीकी सी।
थोड़ा सा तुम रूठ जाना
थोड़ा सा मैं भी
फिर इंतजार करना मेरे
और तेरे सब्र का।
और जब हम मिले थोड़े गिले
शिकवे करे
प्यार मे जरूरी है
थोड़ी सी तकरार भी यार।
ढ़ेर सारा प्यार और
थोड़ी तकरार जरूरी है
मेरे यार क्यूंकि तू
मुझमे है मैं तुझमे हूँ ।
कल भी थे आज भी हैं
और सदियों रहेगा
तेरा मेरा साथ
जन्मों जन्म रहेगा यारा।
क्यूंकि तुझ बिन मैं
अधूरी मुझ बिन तुम
आओ मिल जाए हम
तू मुझमे मैं तुझमे।



**श्रीमती दुर्गेश नन्दिनी नामदेव**
बिलासपुर
छत्तीसगढ़

## लक्ष्य की ओर

दौड़ सकता है तो दौड़,
भाग सकता है तो भाग।
मंजिल पाने के लिए,
अंतर्मन में लगी है आग।।
ठण्डे खून के उबलने तक
या खून सूखने तक।
पागलपन की जुनून तक
या मुर्दा बनने तक।।
जब तक मंजिल ना मिले,
राहों में तुम रुकना नहीं।
चुनौतियों के सामना करना,
स्वयं कभी टूटना नहीं।।
जीवन की सांसें फूलने तक या
सांसें रुकने तक।
कंकाल के राख उड़ने तक या
चमड़े गलने तक। ।
कुछ विरोधी और बुरे लोग, तुम्हें
पथ से भटकायेंगे।
खूब हंसी उड़ेगी गलियों में, जन
भ्रमजाल फैलायेंगे।।
मिट्टी में दफन होने तक या सब
कुछ खत्म होने तक।
आत्मा की शुद्धि होने तक या
परमात्मा दिखने तक।।
डटे रहना मैदान में वीर योद्धा,
शत्रुओं को करने ढेर।
धीरज रखना साहस भरकर, जीत
में भले होगी देर।।
हार के काली रात के बाद, आयेगी
सफलता भोर।
दृढ़ आत्मविश्वास से बढ़ा, कदम
लक्ष्य की ओर।।



**अशोक कुमार यादव**
मुंगेली,
छत्तीसगढ़

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# 3 महिला समेत 7 नक्सलियों ने बलरामपुर एसपी के समक्ष किया आत्मसमर्पण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के सामरीपाठ थाना क्षेत्र अंतर्गत नक्सल प्रभावित रहे गांवों में पुलिस द्वारा लगातार सर्चिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में आईईडी व अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद करते हुए नक्सलियों के मंसूबों पर कुठाराघात किया है। पुलिस के लगातार बढ़ते दबाव व क्षेत्र में चलाए जा रहे सिविक एक्शन प्रोग्राम से प्रभावित होकर 3 महिला समेत 7 नक्सलियों ने बलरामपुर एसपी के समक्ष शनिवार को आत्मसमर्पण कर दिया। इस मामले में एसपी का कहना है कि नक्सलियों की खोखली विचारधारा और खोखले कार्यों से तंग आकर इन्होंने सरेंडर किया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। इस संबंध में बलरामपुर एसपी मोहित गर्ग ने प्रेसवार्ता में जानकारी दी कि सरगुजा आईजी रामगोपाल के निर्देशन में बलरामपुर पुलिस द्वारा सामरीपाठ



क्षेत्र में नक्सलियों के विरुद्ध लगातार सर्चिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पुंदाग व भुताही मोड़ में पुलिस कैंप खुलने तथा सिविक एक्शन प्रोग्राम का असर यह रहा कि 7 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पित ये सभी नक्सली 25 लाख रुपए के इनामी नक्सली कमांडर स्पेशल एरिया कमिटी मेंबर, मिलिट्री कम्पनी बिमल उर्फ राधेश्याम यादव उर्फ उमेश, पिता बिशेश्वर, निवासी सलेमपुर थाना करुणा, जिला जहानाबाद, बिहार के साथ थाना सामरीपाठ व चांदो क्षेत्र में काम कर चुके हैं।

कार्रवाई में डीके सिंह, उप पुलिस अधीक्षक, नक्सल ऑपरेशन सामरीपाठ, निरीक्षक फर्दीनंद कुजूर, थाना प्रभारी सामरीपाठ, एएसआई आनंद मशीह तिर्की, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र ध्रुव, आरक्षक अनिल तिग्गा, भीम तिर्की, महिला आरक्षक सुचिता संगम एवं सहायक आरक्षक 14 धर्मेन्द्र सोनी सभी थाना सामरीपाठ शामिल रहे।

### इन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बलरामपुर एसपी के समक्ष जिन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, उनमें सामरीपाठ थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरदाबा निवासी नंदू कोरवा पिता मुनेश्वर 28 वर्ष, ग्राम पुंदाग निवासी गुडवा कोरवा पिता राजेश्वर 30 वर्ष, ग्राम पुंदाग निवासी शनि बिरिजिया पिता बलराम बिरिजिया 18 वर्ष,ग्राम चरहु पीपरदाबा निवासी लक्ष्मण नगेशिया पिता रामनाथ 35 वर्ष, ग्राम पुंदाग निवासी आशा उर्फ फूलवंती पिता गोदाम कोरवा 21 वर्ष, ग्राम पुंदाग निवासी अमृता उर्फ सरस्वती पति नेशनल गांझू 21 वर्ष तथा झारखंड के लातेहार जिला अंतर्गत ग्राम सेमरखांड, थाना महूडांड निवासी कुमारी कांति कोरवा पिता कोके कोरवा 18 वर्ष शामिल हैं।

# गोदाम से 41 पेटी सरसो आवला तेल चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपी को किया गिरफ्तार




- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

गोदाम में चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोर व खरीदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 41 पेटी सरसो व आवला तेल भी जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

प्रार्थी हंस कुमार अग्रवाल साकिन अम्बिकापुर द्वारा थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि घटना 9 मार्च के दरम्यानी रात को प्रार्थी के गोदाम में रहकर काम करने वाले व्यक्ति अरविन्द कुजूर द्वारा अयान मार्ग स्थित प्रार्थी के गोदाम से मौका पाकर गोदाम में रखे 41 पेटी सरसो आवला तेल की चोरी कर ले गया हैं, प्रार्थी की रिपोर्ट पर सदर धारा 457, 380, 411, 34 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आईजी राम गोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में चोरी के मामलो में त्वरित कार्रवाई करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए हैं, इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली उप निरीक्षक रुपेश नारंग एवं पुलिस टीम द्वारा मामले में आरोपी का पता तलाश कर शीघ्र गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा था। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा अरविंद कुजूर साकिन शंकरगढ़ की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा गोदाम से चोरी करने की घटना कारित करना स्वीकार किया गया। किराना समान के बारे में पूछताछ करने पर चोरी का सामान अमर साय साकिन मणिपुर को बेचना बताया, जो तत्काल पुलिस टीम द्वारा मामले मे चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी का भी पता तलाश कर गिरफ्तार किया गया एवं खरीददार आरोपी अमर साय के निशानदेही पर गोदाम से चोरी हुआ 41 पेटी तेल बरामद किया गया हैं, आरोपियों द्वारा घटना कारित किया जाना स्वीकार किये जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली उप निरीक्षक रुपेश नारंग,सहायक उप निरीक्षक मनोज उपाध्याय प्रआर विजय रवि,आरक्षक कुंदन सिंह, शिव राजवाड़े, चालक हरियादव, सैनिक संतोष पटेल शामिल रहे।

# जीवन में शांति होने से ही होगी विश्व में शांति : स्वामी तन्म्यानंद



» कृषि छात्रों के व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर काउंसिलिंग के विषय पर सेमिनार का आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में 11 मार्च को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय था कृषि छात्रों के व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर काउंसिलिंग। जिसमें राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.आरबी तिवारी द्वारा युवाओं की प्रजातंत्र में भूमिका के महत्व के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया तथा युवाओं को अपने नई सोंच और विचार के साथ देश के विकास में भागीदार बनने हेतु प्रोत्साहित किया। कमलेश सोनी अध्यक्ष पतंजलि योगपीठ द्वारा योग एवं आयुर्वेद का युवाओं पर महत्व को बताया। राजेश प्रताप सिंह बास्केट बॉल कोच सरगुजा ने खेल का महत्व युवा जीवन में किस प्रकार होता है इस विषय में बताया। उसके उपरांत स्वामी तन्म्यानंद सचिव स्वामी विवेकानंद सेवा समिति द्वारा विश्व शांति के बार में युवा पीढ़ी को प्रेरणा देते हुए बताया की जीवन में शांति होने से ही विश्व में शांति होगी। डॉ. वीके सिंह, प्राध्यापक सस्य विज्ञान विभाग द्वारा जलवायु परिवर्तन के काल में टिकाऊ विकास कैसे करें इस बारे में युवा पीढ़ी को अपने विचार प्रकट किए और टिकाऊ खेती कर मिटटी एवं पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के आवश्यकता पर जोर दिया गया। उसके उपरान्त डॉ. जीपी पैंकरा, प्रमुख वैज्ञानिक द्वारा मधुमक्खी पालन से रोजगार का सृजन एवं डॉ. जहार सिंह द्वारा मशरूम उत्पादन के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. एसके सिन्हा, प्रमुख वैज्ञानिक द्वारा दिया गया। मंच संचालन डॉ. नीलम चौकसे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी डॉ. जितेन्द्र तिवारी, डॉ. आरएस सिदार, डॉ. एसआर दुबोलिया, किरण तिग्गा, डॉ. अरुण नायक, डॉ. सचिन जायसवाल, डॉ. अर्यामा भारती, विकास साहू व कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित थे।

# पहली बार डॉक्टर्स प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में पहली बार अंबिकापुर में डॉक्टर्स प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में शहर के पूरे एलोपैथिक, आयुर्वेदिक होमियोपैथिक डॉक्टर्स की 6 टीमें भाग लेगी। जिसमें लाइफ लाइन सिम्पल्स, डेंटल-11, रेड बुल, डॉक्टर-20, आईएमए किंग्स, आयुष-11 की टीम शामिल है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 10 मार्च को मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री टीएस ड्क्षसहदेव, आईजी राम गोपाल गर्ग व विशिष्ट अतिथि विधायक प्रीतम राम, श्रमकल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शफी अहमद, मेयर डॉ. अजय तिर्की, डॉ. अंजू गोयल आईएमए अध्यक्ष व डॉ. संजय गोयल हॉस्पिटल संगठन अध्यक्ष रहे। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पर्याप्त व्यस्तता के बावजूद डॉक्टरों को क्रिकेट के मैदान में उतरना उनकी ऊर्जावान क्षमता को प्रदर्शित करता है। आज के तनाव भरे वातावरण में इस तरह के टूर्नामेंट माहौल को हल्का और खुशनुमा बनाते हैं। मैं आयोजकों के इस प्रयास की प्रशन्सा करता हूं। आईजी गर्ग ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से शारीरिक और मानसिक विकास के साथ ही पारिवारिक वातावरण भी बनता है। आभार प्रदर्शन फिजिशियन एसोसिएशन के सचिव डॉ. अर्पण सिंह चौहान ने किया। टूर्नामेंट का पहला मैच लाइफ लाइन सिम्पल्स और डेंटल इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें लाइफ लाइन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया और डेंटल इलेवन ने 15 ओवर में सभी विकेट खोकर 105 रन बनाया जवाब में लाइफ लाइन ने तेरह ओवर में नौ विकेट खोकर 108 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच लाइफ लाइन के डॉ. अविनाश गुप्ता रहे। जिन्होंने शानदार अर्द्धशतकीय पारी खेली।



# भाजयुमो सरगुजा ने लखनपुर में की जिला पदाधिकारी बैठक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला सरगुजा की पदाधिकारियों की बैठक पूर्व सांसद कमलभान सिंह के मुख्य आतिथ्य, प्रभारी विकास झा के मार्गदर्शन तथा जिला अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में लखनपुर के सामुदायिक भवन में संपन्न हुई। इस बैठक में संगठन की कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा हुई तथा आगामी 15 मार्च को %मोर आवास मोर अधिकार% अभियान के तहत विधानसभा घेराव को लेकर योजना बनी। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कमलभान सिंह ने कहा की विपक्ष में सरगुजा के हितों के लिए युवा मोर्चा संघर्ष कर रही है। यह संघर्ष और मेहनत जरूर सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। प्रदेश की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए युवा मोर्चा के कार्यकर्ता संकल्पित हैं। सरगुजा जिले के नवनियुक्त प्रभारी विकास झा ने संगठन के कार्यों की समीक्षा की। वन टू वन पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा प्रदेश की आगामी योजना से अवगत कराया और कहा की छत्तीसगढ़ में परिवर्तन सरगुजा के कार्यकर्ता ही लायेंगे। भाजयुमो जिला अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने 2 वर्षों के कार्यकाल का वृत्त रखा तथा समस्त पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष, महामंत्रीयों से भूपेश बघेल की निकम्मी सरकार के विरुद्ध संगठन के निर्देशानुसार परिश्रम की पराकाष्ठा करने की अपील की। इस बैठक को भाजपा लखनपुर मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने भी संबोधित किया तथा संचालन जिला महामंत्री संजीव वर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन जिला मंत्री हर्षवर्धन पांडेय ने किया। बैठक के पश्चात लखनपुर नगर में 15 मार्च को रायपुर चलो और %मोर आवास मोर अधिकार, रोक के रखे है भूपेश सरकार% जैसे नारों की वॉल पेंटिंग भी की गई।



बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, लखनपुर भाजपा मंडल के महामंत्री सत्यनारायण साहू, मदन राजवाड़े, रोचक गुप्ता, अभिषेक सिंह, अमोघ कश्यप, आर डी चौहान, शानू कश्यप, मार्कंडेय तिवारी, बबली नेताम, बुधमेत कुजूर, मनीष दुबे, सौरभ सिंह, सौरभ जयसवाल, अनीश सिंह, विकास शुक्ला चंदन, अकील साय मराबी, निशांत गुप्ता, अनीश यादव, वीर सोनी, हर्षवर्धन पांडे, नरेंद्र पैकरा, भूपेश यादव, दिव्यांशु केशरी, महेश्वर राजवाड़े, निशांत सिंह सोलू, सचिन अग्रवाल, दीपक यादव, रवि सोनी, लखन लाल यादव, चंद्रप्रकाश चक्रधारी, जयंतनाथ सिंह, दिगंबर यादव, पंचानन कुमार, सूरज मंडल, सुनील यादव, निशांत सिंह गोल्डी, अनुराग शुक्ला, श्रीधर केसरी, नितिन गुप्ता, राहुल जायसवाल, रोशन कुमार, अभिनंदन सिंह, विशाल गुप्ता, मुनेश्वर यादव, राजेंद्र प्रजापति, दिनेश नागेश, वैष्णवी यादव, हिमांशु सिंह सेंगर, सोनू अग्रवाल, कृष्णा राजवाड़े, बुधमोहन सिंह, बंटी बारी, अवधेश यादव, रविंद्र राजवाड़े, मुन्ना गुप्ता, केवल यादव आदि उपस्थित थे।

### सरगुजा जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 20 मार्च को

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 20 मार्च को होगा। इसके लिए चुनाव अधिकारी पीआर कश्यप द्वारा तयारी शुरू कर दी गई है। 6 मार्च को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था। 10 मार्च को मतदाता सूची पर दावा आपति की गई थी। 11 मार्च को प्राप्त दावा आपत्ति पर निराकरण किया गया। 13 एवं 14 मार्च को नामांकन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा एवं स्क्रूटनी की जाएगी। नामांकन वापसी 15 मार्च को 11 बजे से शाम 5 बजे तक एवं अभ्यर्थियों की घोषणा 6 बजे तक की जाएगी। 16 मार्च की शाम 4.30 बजे अभ्यर्थियों की बैठक होगी। पोस्ट बैलेट 18 से 19 मार्च तक 11.30 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। मतदान 20 मार्च की सुबह 10 बजे से शाम 4.30 बजे तक एवं परिणाम की घोषणा शाम 5.30 बजे से अंतिम घोषणा तक।

# महिला कांग्रेस ने मेडिकल कालेज अस्पताल में कार्यरत महिला कर्मियों को किया सम्मानित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

महिला कांग्रेस ने मेडिकल कालेज अस्पताल में कार्यरत महिला कर्मियों को सम्मानित किया।महिला कांग्रेसियो ने स्वाथ्यमंत्री से अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने की मांग की।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा सोनी एवम ग्रामीण अध्यक्ष गांगी बाई की अगुवाई में महिलाओं ने राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंह देव मेडिकल कालेज में महिला कर्मियों को शाल श्री फल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। महिला कर्मियों को चार श्रेणियों महिला चिकित्सक, नर्स,सफाई कर्मचारी एवम सुरक्षा प्रहरियों को सम्मानित किया गया।

महिला कांग्रेसियो ने स्वास्थ्यमंत्री टीएस सिंह देव से मिलकर अस्पताल में महिलाओं से सम्बंधित स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने की मांग की।मेडिकल कालेज में लेप्रोस्कोपिक लेजर विधि से सर्जरी,स्पेशल बर्न यूनिट एवं बर्न यूनिट के लिए डेडिकेटेड स्टाफ की स्थापना और अस्पताल परिसर न्यूनतम दर एक या दो रुपये में सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराने की मांग रखी। स्वास्थ्य मंत्री सिंह देव ने उन्हें जल्दी ही बर्न यूनिट और लेप्रोस्कोपिक लेजर विधि से सर्जरी शुरू कराने की बात कही है। उन्होंने रेडक्रॉस,अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन को आपसी समन्वय से सेनेटरी पैड की न्यूनतम मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित करने की कार्ययोजना बनाने कहा है।इस कार्यक्रम में पार्षद गीता प्रजापति, रूही गजाला, सरला सिंह, शैलजा पांडेय,पूर्णिमा सिंह, मालती सिंह, रजनी महंत,ननकी सिंह, जूही, हमीदा, गीता श्रीवास्तव,नेहा तिवारी, गीता टोप्पो, नंदू, शालिनी,सपना सिन्हा,शमा परवीन, मंजू मुखर्जी,निर्मला केहरी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।



# एक लाख से अधिक वंचित हितग्राहियों के लिए 15 मार्च को भाजपा करेगी विधानसभा का घेराव

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

भाजपा के मोर आवास मोर अधिकार अभियान अंतर्गत 15 मार्च को विधानसभा घेराव कार्यक्रम के विषय में मोर आवास मोर अधिकार अभियान के सरगुजा संभाग प्रभारी भारत सिंह सिसोदिया ने शनिवार को जिला प्रभारी विनोद हर्ष, अंबिकापुर विधानसभा प्रभारी राजेन्द्र जायसवाल तथा सीतापुर विधानसभा प्रभारी भगत सिंह पैकरा के साथ संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस को संबोधित करते हुए मोर आवास मोर अधिकार के संभाग प्रभारी भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के लिए छत्तीसगढ़ में 12 लाख हितग्राही प्रतीक्षा सूची में हैं जो आवास से वंचित हैं। इन वंचितों की आवाज बन कर इनके हक को सुनिश्चित करने के लिए भाजपा ने तय किया है कि 15 मार्च को एक लाख से अधिक वंचित हितग्राहियों के साथ भाजपा के कार्यकर्ता विधानसभा का घेराव करेंगे। भाजपा संगठन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार से वंचितों को उनका अधिकार दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी और यदि यह सरकार आवास नहीं देती है तो हमारी भाजपा सरकार बनते ही प्रथम कार्य वंचित हितग्राहियों को आवास देना होगा। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के मंत्री टीएस सिंह देव ने अपने इस्तीफे में 8 लाख हितग्राहियों को आवास से वंचित होना बताया, जबकि राज्य सरकार द्वारा राज्यांश न देने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के आठ लाख मकान और शहरी क्षेत्र के चार लाख मकान इस तरह कुल 12 लाख मकान अब तक बनने से रुके हुए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के बजट 2023 के आंकड़ों पर प्रकाश डालते हुए भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि इस बजट में 2.30 लाख मकानों के लिए 3238 करोड़ राशि की स्वकृति दी गई है जिसमें 1.51 लाख मकान तो पूर्व में ही स्वीकृत थे, जिसका बजट केंद्र सरकार द्वारा पहले ही दिया जा चुका है, अभी छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकार ने केवल 79 हजार मकान की ही स्वीकृति दी है, आवास के लिए बजट में प्रावधान राशि 3238 करोड़ में 60 प्रतिशत केंद्र का अंश तो पूर्व में हीं राज्य सरकार को प्राप्त है, तथा इस बजट में राज्य की ओर से मात्र 1295 करोड़ रुपए स्वीकृत किया गया जो 12 लाख मकान पूरा करने के लिए ऊंट के मुंह में जीरा है।



भारत सिंह ने कहा कि भूपेश सरकार अब एक नया जुमला पेश करने वाली है जिसके तहत 1 अप्रैल से 30 जून के बीच नया सर्वे होगा तो उनसे हम पूछते हैं कि ये नया सर्वे की आवश्कता क्यों पड़ी। आवास के लिए यदि भूपेश सरकार नया सर्वे कर रही है तो इसका मतलब यह निकाली जाए कि क्या सरकार नई स्कीम ला रही है जिसके तहत राज्य सरकार वंचित हितग्राहियों को मकान उपलब्ध कराएगी, भूपेश सरकार को यह मालूम होना चाहिए कि केंद्र सरकार का जो सर्वे है और प्रधानमंत्री आवास योजना है उसे राज्य सरकार नहीं बदल सकती क्योंकि इसी योजना अंतर्गत आवास के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति दी गई है। पूर्व के भाजपा सरकार में बने आवासों की संख्या से तुलना करते हुए भारत सिंह सिसोदिया ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कुल अब तक मात्र 88 हजार मकान ही बनाए गए हैं। इस अवसर पर हरपाल सिंह, संतोष दास, रूपेश दुबे, मनोज गुप्ता, राधेश्याम ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# धीरे-धीरे गहराता जा रहा है बांग्लादेश का आर्थिक संकट,श्रीलंका से होने लगी तुलना

**ढाका,11 मार्च 2023।** अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज की रेटिंग घटाने के फैसले से बांग्लादेश का बैंकिंग सेक्टर हिल गया है। मूडीज ने बांग्लादेश के बैंकिंग सेक्टर की रेटिंग स्थिर से घटा कर नकारात्मक कर दी है। अर्थशास्त्रियों और वित्तीय विश्लेषकों ने मूडीज के इस फैसले को न सिर्फ बैंकिंग सेक्टर, बल्कि पहले से संकटग्रस्त बांग्लादेश की पूरी अर्थव्यवस्था के लिए एक झटका माना है। बांग्लादेश मुद्रा की कीमत घटना, ऊंची महंगाई दर और विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट की समस्याओं का सामना कर रहा है।




अर्थशास्त्रियों ने ध्यान दिलाया है कि मूडीज के ताजा आकलन के बाद अब सीमा पार से वित्तीय लेनदेन अधिक मुश्किल हो जाएगा। कुछ विदेशी संस्थान तो बांग्लादेश के बैंकों की क्रेडिट लिमिट घटाने का फैसला कर भी चुके हैं। बैंकर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सईद महबूब-उर-रहमान ने कहा है- 'मूडीज ऐसा फैसला लेगा, इसकी चेतावनी के लक्षण तो पहले से मौजूद थे। डॉलर के संकट के बावजूद हमारे बहुत से बैंक विदेशी बैंकों से अब तक लेन-देन कर पा रहे थे। ऐसा दीर्घकालिक संबंध और भरोसे के कारण हो रहा था। लेकिन अब बांग्लादेश के पूरे बैंकिंग सेक्टर को जोखिम भरा करार दिया गया है। इससे सीमा पार से लेन-देने में निश्चित रूप से समस्या आएगी।'

पर्यवेक्षकों ने बांग्लादेश में बनती स्थिति की तुलना श्रीलंका से करनी शुरू कर दी है। उन्होंने ध्यान दिलाया है कि श्रीलंका में भी संकट की शुरुआत रेटिंग एजेंसियों की तरफ से दर्जा घटाए जाने के साथ हुई थी। उन्होंने ध्यान दिया है कि बांग्लादेश का बैंकिंग सिस्टम भ्रष्टाचार, घोटालों और नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) की समस्या से पहले से ग्रस्त रहा है। बीते दिसंबर तक बैंकों की तरफ से दिए गए कुल कर्ज का 8.16 फीसदी हिस्सा एनपीए हो चुका था।

वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम पर छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक इस हफ्ते दुबई स्थित मशरिक बैंक और हांगकांग स्थित स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने दो बांग्लादेशी बैंकों को लेटर ऑफ क्रेडिट देने से इनकार कर दिया। वेबसाइट ने यह खबर उच्च पदस्थ

# कैलिफोर्निया में भारतीय मूल का सिख नेता गिरफ्तार, गुरुद्वारे को जलाने की साजिश रचने का आरोप

**वॉशिंगटन, 11 मार्च 2023।** अमेरिका में एक भारतीय मूल के सिख व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उसने कैलिफोर्निया के सबसे बड़े गुरुद्वारे को जलाने की साजिश रची। इसके अलावा उस पर गुरुद्वारे के एक सदस्य को मारने के लिए लोगों को पैसे देने का भी आरोप लगा है।



स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी राज सिंह गिल (60 वर्षीय) बेकर्सफील्ड सिटी कार्उंसिल के लिए उम्मीदवार रहा है। उसे गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी खालसा दरबार को निशाना बनाने और संपत्ति को जलाने की साजिश रचने के आरोप में 4 मार्च को गिरफ्तार किया गया।

अधिकारियों के द्वारा गिल के आवास पर तलाशी के लिए वारंट जारी किया गया था। जिसके बाद उसे आपराधिक धमकियों सहित छह मामलों में गिरफ्तार किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, बेकर्सफील्ड पुलिस विभाग ने कहा कि राज ने गुरुद्वारा को जलाने और अन्य लोगों को गोली मारने के लिए पैसे देने की भी कोशिश की।

रिपोर्ट में कहा गया है कि राज सिंह गिल ने 2022 में मनप्रीत कौर के खिलाफ सिटी कार्उंसिल के वार्ड-7 से चुनाव लड़ा था। लेकिन कौर ने चुनाव जीता। कौर बेकर्सफील्ड सिटी कार्उंसिल के लिए चुनी जाने वाली पहली सिख पंजाबी महिला थीं।

वार्ड-7 से चुनाव जीतने वाली कौर ने मामले को लेकर बयान जारी कर कहा, मुझे उनके खिलाफ लगे कथित आरोपों के बारे में पता है। मुझे भरोसा है कि बेकर्सफील्ड पुलिस विभाग हमारे समुदाय को सुरक्षित रखने के लिए लगन से काम करेगा और मामले को संबोधित करेगा। इस खबर को सुनना दुखद और भयावह है। यह उन सिख गुरुद्वारों में से एक है, जिसमें स्थानीय लोग आते हैं। पूजा स्थल को नष्ट करने के प्रयास के बारे में सुनन दिल तोड़ने वाला है।

# नेपाल में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रक्रिया शुरू, चार उम्मीदवार आजमाएंगे अपनी किस्मत,वोटिंग



**नई दिल्ली,11 मार्च 2023 ।** नेपाल में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रक्रियाएं शुरू हो चुकी हैं। यहां तीन प्रमुख राजनीतिक दलों के चार उम्मीदवार शनिवार को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगे। बता दें, यह चुनाव 17 मार्च को होगा।

सहायक चुनाव अधिकारी अमृता कुमारी शर्मा के मुताबिक, काठमांडू के न्यू बनेश्वर स्थित संसद भवन में सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक नामांकन दाखिल किया जाएगा।

निर्वाचक मंडल करता है उपराष्ट्रपति का चुनाव

राष्ट्रपति की तरह, उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है जिसमें संघीय संसद (प्रतिनिधि सभा और नेशनल असेंबली) और प्रांतीय विधानसभा के सदस्य शामिल होते हैं। मतदाताओं की कुल संख्या 882 है, जिसमें संसद के 332 संघीय सदस्य और 550 प्रांतीय विधानसभा सदस्य शामिल हैं। संसद के संघीय सदस्य का वोट भार 79 है जबकि प्रांतीय विधानसभा सदस्य का 48 है।

**ये होंगे उम्मीदवार**

संविधान के अनुसार, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को लैंगिक या जातीय समूहों का प्रतिनिधित्व करना चाहिए। सीपीएन-यूएमएल ने उपाध्यक्ष पद के लिए अष्ट लक्ष्मी शाक्य को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह, जनमत पार्टी ने ममता झा को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है।

# नेपाल में बढ़ते ही जा रहे हैं चीनी नागरिकों के अपराध करने के मामले

**काठमांडो,11 मार्च 2023।** नेपाल में चीनी नागरिकों के अपराध में शामिल होने की बढ़ती घटनाओं ने यहां गहरी चिंता पैदा कर दी है। इस समय सबसे चर्चित घटना यांग लिमपिंग नाम के 49 वर्षीय व्यक्ति की है, जिसे ललितपुर पुलिस ने पिछले 25 फरवरी को बंगामती से गिरफ्तार किया था। यांग चीन के फुजियान प्रांत में स्थित शियमेन का निवासी है। उसे 13, 14 और 17 साल की तीन लड़कियों को बंधक बना कर रखने और उनका यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

यांग ललितपुर के बंगामती में किराये पर एक मकान लेकर रहता था। पुलिस ने जिस रोज उस मकान से तीन लड़कियों को छुड़ाया, उसी रोज उसने थमेल में स्थित एक होटल से चार नाबालिग बच्चों को मुक्त कराया। इन्हें भी यांग ने ही बंधक बना कर रखा था। उनमें से ही एक बंधक की मां ने झापा में उरलाबाड़ी पुलिस स्टेशन में अपने बच्चे के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस के मुताबिक नेपाल में चीनी नागरिकों के अपराध में शामिल होने का यह सिर्फ मामला है। इसके पहले पिछले दिसंबर में नेपाल की पुलिस की मानव तस्करी विरोधी दस्ते ने दो




चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। उनमें 30 वर्षीय चेन यांग चीन के सिचुआन प्रांत और 33 वर्षीय रुआन चाओहोंग फुजियान प्रांत का निवासी है। इन दोनों को त्रिभुवन हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया। ये दोनों तीन नेपाली महिलाओं को लाओस स्थित एक कॉल सेंटर में काम करने के लिए चोरी-छिपे ले जा रहे थे। वो तीनों चीनी नागरिक अभी संधारा स्थित सेंट्रल जेल में हैं। अखबार काठमांडू पोस्ट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक हर साल नेपाल में अपराध करने वाले दर्जनों विदेशी अब पकड़े जा रहे हैं। कई तरह के अपराध में शामिल होने के आरोप में चालू वित्तीय वर्ष में 92 विदेशी नागरिक गिरफ्तार किए जा चुके हैं। ये नागरिक कम से कम 20 देशों से यहां आए। उनमें सबसे ज्यादा 27 भारतीय हैं। चीन के 22 नागरिक गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने काठमांडू पोस्ट से बातचीत में कहा कि अपराध में शामिल हुए भारतीयों की असल संख्या गिरफ्तार हुए आरोपियों से अधिक हो सकती है, क्योंकि कई भारतीय भाषाई और सांस्कृतिक समानता के कारण पकड़े जाने से बच जाते हैं।

नेपाल पुलिस मुख्यालय के प्रवक्ता दीपेंद्र ने काठमांडू पोस्ट से कहा- 'भारत के अलावा सबसे ज्यादा विदेशी चीनी पकड़े जा रहे हैं।' पुलिस मुख्यालय के आंकड़ों के मुताबिक चीनी नागरिक अनूय देशों के नागरिकों की तुलना में कहीं अधिक गंभीर आपराधिक मामलों में शामिल हैं। इस वर्ष पुलिस ने दो चीनी नागरिकों के खिलाफ हत्या का मामला भी दर्ज किया है।

इस वित्त वर्ष में जिन 27 भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें 13 के खिलाफ कस्टम उल्लंघन और पांच के खिलाफ जाली नोट चलाने की कोशिश के मुकदमे दर्ज हुए हैं। बाकी भारतीयों पर मादक पदार्थों की तस्करी, लूटपाट, अपहरण, धोखाधड़ी आदि जैसे आरोप लगाए गए हैं। उधर 22 चीनी में से दो के खिलाफ हत्या, आठ के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी, पांच के खिलाफ संगठित अपराध में शामिल होने, एक के खिलाफ बलात्कार, एक के खिलाफ बंधक बनाने और तीन के खिलाफ दुर्व्यवहार के अभियोग लगे हैं। बाकी चीनियों पर वीजा से अधिक समय तक नेपाल में रहने का इल्जाम है।

# टैक्स बढ़ोतरी के खिलाफ कर्मचारियों का हुआ आंदोलन तेज,15 मार्च से आम हड़ताल

**कोलंबो,11 मार्च 2023।** श्रीलंका में पिछले दिनों की गई टैक्स बढ़ोतरी के खिलाफ विभिन्न क्षेत्रों के कर्मचारियों ने अपना आंदोलन तेज कर दिया है। उन्होंने 15 मार्च को आम हड़ताल का एलान किया है। खास बात यह है कि इस आंदोलन की कमान ऊंची तनख्वाह वाले कर्मचारियों के हाथ में है। जिन क्षेत्रों के कर्मचारी आंदोलन में शामिल हुए हैं, उनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग और बंदरगाह भी शामिल हैं। श्रीलंका सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की शर्तों को पूरा करने की कोशिश में इनकम टैक्स दरों भारी इजाफा किया है।

फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (एफयूटीए) की प्रवक्ता चारूदत्ता इलांगासिंघे ने गुरुवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अब निर्णायक संघर्ष का समय आ गया है। उन्होंने कहा- 'अब अधिक इंतजार नहीं किया जा सकता। 15 मार्च के पहले सरकार को फैसला करना होगा, वरना 15 तारीख से देश में पानी, बिजली, जहाजरानी और यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की सेवाएं बंद हो जाएंगी।' इलांगासिंघे ने कहा कि सरकार अगर एक उचित टैक्स सिस्टम का प्रस्ताव सामने रखे, तो ट्रेड यूनियनें उस पर बातचीत करने को तैयार हैं।



ट्रेड यूनियन नेताओं ने कहा है कि टैक्स नीति के खिलाफ हाल में लगातार विरोध प्रदर्शन हुए हैं। लेकिन अब वक्त पूरा काम रोकने का आ गया है। इलांगासिंघे ने कहा- 'हम रोज एक स्विच ऑफ कर रहे थे। लेकिन 15 मार्च को मेन स्विच को ऑफ कर दिया जाएगा।' उन्होंने चेतावनी दी कि इससे लोगों को जो दिक्कत होगी, उसके लिए कर्मचारी जिम्मेदार नहीं होंगे। उन्होंने कहा- 'हमारे डॉक्टरों, बैंककर्मियों और बंदरगाह कर्मचारियों तो दोषी मत ठहराइए। यह जिम्मेदारी सरकार को लेनी होगी।'

सिलोन बैंक एम्पलॉइज यूनियन के अध्यक्ष चन्ना दिसानायके ने एलान किया है कि बैंक कर्मचारी भी 15 मार्च की हड़ताल में शामिल होंगे। सिलोन बैंक एम्पलॉइज यूनियन में 18 अलग-अलग बैंकों की यूनियनें शामिल हैं। साथ ही सेंट्रल बैंक के कर्मचारियों की चार यूनियनें भी इसकी सदस्य हैं। दिसानायके ने कहा- 'कई प्राइवेट बैंकों के कर्मचारी भी हमारे आंदोलन में शामिल हुए हैं। हम बैंकिंग सिस्टम के हिस्से के रूप में एकजुट हुए हैं और ट्रेड यूनियन गतिविधियों को तेज करने का फैसला किया है। इसमें 15 मार्च से शुरू हो रहे सप्ताह में हड़ताल का निर्णय भी शामिल है। जब पेशेवरकर्मियों पर अनुचित टैक्स लगाया जाता है, तो उसका असर सिर्फ पेशेवरकर्मियों पर ही नहीं, बल्कि उनके नीचे के हर स्तर पर पड़ता है। इससे देश में आर्थिक मंदी की शुरुआत हो सकती है।'

श्रीलंका में ट्रेड यूनियनें और प्रोफेशनल एसोसिएशंस आम तौर पर ऊंची आय वाले वर्गों की नुमाइंदगी करती हैं। ये सभी यूनियनें हाल में की गई टैक्स बढ़ोतरी का विरोध कर रही हैं। श्रीलंका में लागू नई टैक्स नीति के मुताबिक एक लाख रुपये प्रति महीने से अधिक कमाने वाले हर व्यक्ति को टैक्स दायरे में ले आया गया है। साथ ही टैक्स की दर 36 फीसदी कर दी गई है।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक ट्रेड यूनियनों को श्रीलंका के हर तबके का समर्थन हासिल नहीं है। उनके आलोचकों का कहना है कि टैक्स बढ़ोतरी से कुल आबादी का 10 से 12 फीसदी हिस्सा ही प्रभावित हुआ है। ये भी वो हिस्सा है, जो आराम की जिंदगी जीता है।

# कैलिफोर्निया में तूफान से 13 की मौत

**सैन फ्रांसिस्को,11 मार्च,2023।** हाल ही में आए ऐतिहासिक तूफान के कारण दक्षिणी कैलिफोर्निया में बर्फ में दबकर 13 लोगों की मौत हो गई है। 26 फरवरी से 8 मार्च तक पहाड़ों में 13 लोगों की मौत हुई। बर्फीले तूफानों ने क्षेत्र को तबाह कर दिया।

कोरोनर ने अब तक केवल एक मौत की पुष्टि की है, जबकि आठ अन्य मौतों की जांच की जा रही है।



बचाव कार्यों में भाग लेने वाले एक स्वयंसेवक मेगन वाजक्वेज ने स्थानीय केटीएलए समाचार चैनल को बताया, अभी बहुत कुछ किया जाना है।

यहां बहुत ठंड है। इसलिए अगर किसी के पास अपने घर को गर्म करने के लिए बिजली या गैस नहीं है, तो वे जम कर मर सकते हैं।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि तीन मीटर से अधिक बर्फ ने पर्वतीय क्षेत्रों तक सड़क मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। इससे भोजन, दवा और ईंधन की आपूर्ति कम हो रही है। फंसे हुए स्थानीय लोगों को बिजली के बिना रहने को मजबूर होना पड़ रहा है।

कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजोम ने 1 मार्च को क्षेत्र में आपातकाल की स्थिति घोषित की।

# रूसी कच्चे तेल को लेकर भारत और चीन में बढ़ा मुकाबला,जानें कितनी कीमत पर हो रही खरीद




**नई दिल्ली,11 मार्च 2023।** रूस के सस्ता कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारतीय रिफाइनरी कंपनियों और चीनी कंपनियों में कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। दोनों देशों की कंपनियों में जारी प्रतिस्पर्धा के बीच रूस ने कच्चे तेल के निर्यात में भी कुछ कमी की है, जिसके चलते रूस के कच्चे तेल के दाम भी बढ़ गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मार्च महीने में चीन रूस से रिकॉर्ड मात्रा में कच्चे तेल का आयात करने वाला है। वहीं अप्रैल माह में भारतीय रिफाइनरी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और नायारा एनर्जी ने रूस के 33 ईएसपीओ क्रूड कार्गोज में से पांच को खरीद लिया है।

मार्च महीने में भारतीय कंपनियों ने सिर्फ एक कार्गो को खरीदा था, जो अप्रैल में बढ़कर पांच हो गया है। वहीं नवंबर 2022 में भारतीय कंपनियों ने रूसी कच्चे तेल के तीन कार्गो खरीदे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अप्रैल में डिलीवर होने वाले कच्चे तेल को भारतीय कंपनियों ने दुबई से आयात होने वाले कच्चे तेल के मुकाबले पांच डॉलर प्रति बैरल कम की दर से खरीदा है। आमतौर पर भारतीय रिफाइनरी रूस से कच्चे तेल की खरीद डिलीवरी के आधार पर कर रही हैं और इसके तहत तेल बेचने वाले देश को ही तेल के इंश्योरेंस, माल और जहाज का इंतजाम करना होता है।

बढ़ती मांग के चलते रूस के कच्चे तेल की कीमतें भी अब बढ़कर 60 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा हो गई है। भारत और चीन की कंपनियों में रूसी तेल खरीदने को लेकर जारी प्रतिस्पर्धा के कारण डिस्काउंट भी कम हुआ है। मार्च में जहां 8.50 डॉलर प्रति बैरल का डिस्काउंट मिला था, वहीं अप्रैल में यह घटकर 6.80 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।

बता दें कि यूक्रेन युद्ध के चलते पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसके चलते रूस अपने कच्चे तेल को डिस्काउंट रेट पर बेच रहा है। जिसका फायदा उठाते हुए भारत और चीन ने रूस से होने वाले कच्चे तेल के आयात को कई गुना बढ़ा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस साल फरवरी तक भारत ने रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदकर करीब 35 हजार करोड़ रुपए की बचत की है।

# ली कियांग बने चीन के नए प्रधानमंत्री, जिनपिंग के करीबी नेताओं में है शुमार

**नई दिल्ली,11 मार्च 2023।** चीन की राजनीति में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। लगातार 10 साल से प्रधानमंत्री पद संभाल रहे 67 वर्षीय ली केकियांग औपराचिक रूप से सेवानिवृत हो रहे हैं। उनकी जगह 63 वर्षीय ली कियांग की चीन के नए प्रधानमंत्री के तौर पर नियुक्ति हुई है। केकियांग की अध्यक्षता वाली वर्तमान कैबिनेट की जगह अब कियांग के नेतृत्व वाली नई केंद्रीय कैबिनेट %स्टेट कार्उंसिल% चीनी संसद के वार्षिक सत्र (नेशनल पीपुल्स कांग्रेस) का कार्यभार संभालेगी।

केकियांग के सत्र पर लगा विराम

साल 2013 में केकियांग ने प्रधानमंत्री का पदभार संभाला था। प्रधानमंत्री राज्य परिषद और केंद्रीय मंत्रिमंडल की अध्यक्षता करते हैं। हालांकि उनके कार्यकाल के दौरान शी जिनपिंग ने उनकी शक्तियों पर कई सारे अंकुश लगाए थे। जिनपिंग ने उन्हें दरकिनार कर अपने सहयोगियों को उनके ऊपर महत्वपूर्ण पदों पर बिठा दिया था। कल केकियांग के कार्यभार का आखिरी दिन है।



नए कैबिनेट पदभार संभालेंगे कियांग

ली कियांग चीन के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। देश के प्रधानमंत्री के साथ पूरा कैबिनेट का पुन्ननिर्माण होने वाला है। संसद सत्र के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग को छोड़कर सभी शीर्ष अधिकारियों और मंत्रियों को बदला जाएगा। 63 वर्षीय कियांग राष्ट्रपति शी के करीबी सहयोगी हैं, जिन्हें अक्टूबर में आयोजित सीपीसी कांग्रेस में अभूतपूर्व तीसरे पांच साल के कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री चुना गया है।

### जिनपिंग के करीबी हैं कियांग

63 वर्षीय ली कियांग को जिनपिंग का करीबी माना जाता है। उन्हें जिनपिंग के इंटरनल सर्कल में एक व्यापार-समर्थक राजनेता कहा जाता है। नई सात सदस्यीय स्थायी समिति में शी के बाद ली कियांग दूसरे स्थान पर हैं। किन पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता थे और बाद में उपमंत्री के पद तक पहुंचे। वह जिनपिंग के साथ विदेश यात्राओं पर भी जाते रहे हैं।

# चुनावी वर्ष और होली मिलन कार्यक्रमों का क्रम,कांग्रेस नेताओं के घर होली की धूम

**सभी संभावित कांग्रेस प्रत्याशियों के घर हो रहा होली मिलन कार्यक्रम**











» पहले अशोक जायसवाल,फिर वेदांती तिवारी अब योगेश शुक्ला के यहां होना है होली मिलन

» वर्तमान विधायक को छोड़ सभी संभावित दावेदार होली मिलन के बहाने दिखा रहे अपना जनाधार

» अशोक जायसवाल ने जहां होली मिलन के बहाने जन्मदिन भी मनाया

» जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने केवल होली मिलन कार्यक्रम का ही आयोजन किया

» चुनावी वर्ष से पूर्व नहीं दिखी थी कहीं भी होली की धूम,नहीं मना था होली मिलन

» दोनों नेताओं का होली पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करना आगामी चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है

» वेदांती व अशोक दोनों अपने अपने क्षेत्र में जनाधार वाले नेता माने जाते हैं

» अशोक जयसवाल ने जहां कवि सम्मेलन, जन्म उत्सव व फाग मंडली के साथ कार्यक्रम आयोजित किया

» वेदांती अपने गृह निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया,तमाम कांग्रेस के नेताओं ने शिरकत की विधायक से रुष्ट लोग भी कार्यक्रम में हुए शामिल

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 11 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

होली का त्योहार वैसे रंगों का त्योहार है इसे लोग काफी उत्साह के साथ मनाते हैं पर इस बार चुनावी वर्ष में पड़ने वाली होली में चुनावी रंग भी देखने को मिल रहे हैं, रंगों के साथ चुनावी वर्ष में राजनीति का रंग भी बदला सा दिख रहा है, राजनीति में कई रंग शामिल हो चुके हैं जो 2023 के चुनाव के परिणाम को दिलचस्प बनाएंगे, चुनावी वर्ष में बैकुंठपुर विधानसभा में सत्ताधारी दल के सभी संभावित प्रत्याशियों द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सबसे पहले पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बैकुंठपुर अशोक जायसवाल ने अपने घर पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया साथ ही अपना जन्मदिन भी मनाया, अशोक जायसवाल ने अपने घर पर विराट कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया और साथ ही फाग मंडलियों ने भी होली के गीतों के साथ उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। रंगो का त्योहार वैसे तो हर घर मनाया गया और लोग रंगो में सरोबार दिखे लेकिन कांग्रेस नेताओ के घर अयोजित होली मिलन कार्यक्रम में विधानसभा बैकुंठपुर से लोगों का हुजूम जुटा और नेताओ ने अपनी लोकप्रियता भी इस कार्यक्रम के जरिए साबित करने की पूरी कोशिश की। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ने अपना जन्मदिन भी मनाया और लोगों को आमंत्रित कर होली मिलन भी संपन्न किया वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी के यहां भी होली मिलन कार्यक्रम में जमकर लोगों का हुजूम जुटा, वेदांती तिवारी के यहां भी फाग मंडली ने होली गीतों से लोगों को मनोरंजित किया वहीं कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर होली की एक दूसरे को बधाई दी।





चुनावी वर्ष में पड़ने वाले होली को कांग्रेस के दो जनाधार वाले नेताओं ने अलग ही अंदाज में मनाया एक तरफ पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जयसवाल जिनका अपने क्षेत्र में एक अलग ही मान सम्मान व जनाधार बना हुआ है उन्होंने अपने जन्मदिन के साथ होली को अलग ही अंदाज में मनाया, होली के एक दिन बाद उनका जन्म दिन पड़ा जिस पर उन्होंने जन्म उत्सव, कवि सम्मेलन, होली सम्मेलन व फाग गीतों के साथ कार्यक्रम को आयोजित किया, यह कार्यक्रम के गृह आवास पर आयोजित किया गया था, जिसमें तमाम तरीके के लोग व लगभग हर क्षेत्र के लोगों को इस कार्यक्रम में आमंत्रण था, यह कार्यक्रम आगामी चुनाव में कांग्रेस के तरफ से बतौर प्रत्याशी चेहरे के तौर पर भी देखा जा रहा है। दो बार के कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी रह चुके व वर्तमान में जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी ने भी इस होली कार्यक्रम को यादगार बना दिया, अपने गृह निवास पर भव्य तरीके से होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें तमाम क्षेत्रों से लोगों को बुलाया गया फाग मंडली भी शामिल रही, सभी को सम्मान दिया गया, इनका भी होली का कार्यक्रम भव्य रहा हर वर्ग के नेता कार्यक्रम में शिरकत की, वेदांती तिवारी से नाराज चल रहे थे और विधायक करीबी थे जो आज विधायक से नाराज चल रहे हैं और तिवारी जी के करीबी बनने का प्रयास कर रहे हैं वह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए कहीं ना कहीं आगामी चुनाव में कांग्रेस के नए प्रत्याशी के तौर पर इन्हें देखा जा रहा है और यह भी अनुमान लगाया जा रहा है मौजूदा कांग्रेस पार्टी मैदान में वेदांती तिवारी पर 2023 विधानसभा चुनाव पर दांव खेल सकती।

### चुनावी वर्ष में कांग्रेस नेताओं के घर होली मिलन के क्या है मायने

चुनावी वर्ष में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी साथ ही रनई जमींदार योगेश शुक्ला के यहां होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है और इसे विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से बैकुंठपुर विधानसभा से चुनावी दावेदारी के रूप में माना जा रहा है। सभी नेता संभावित दावेदार हो सकते हैं और बताया जा रहा है की सभी अपनी अपनी दावेदारी के लिए आश्वस्त भी हैं। बैकुंठपुर विधायक की लोकप्रियता में आई कमी का आभास सभी नेताओ को हो चुका है और इसलिए वह अपनी लोकप्रियता के साबित कर पार्टी के समक्ष अपनी दावेदारी रखना चाहते हैं इसलिए होली मिलन के बहाने वह यह साबित करने में लगे हैं।

### पहले नहीं हुए होली मिलन के कार्यक्रम

कांग्रेस को सत्ता में आए साढ़े चार साल होने को हैं और इन साढ़े चार वर्षों में किसी नेता के घर होली मिलन कार्यक्रम देखने को नहीं मिला,चुनावी वर्ष में सभी के यहां होली मिलन कार्यक्रम होना इस बात की पुष्टि के लिए काफी है की सभी कांग्रेस से संभावित दावेदार हैं और सभी अपनी अपनी दावेदारी साबित करने की जुगत में लगे हुए हैं। कुल मिलाकर अपना अपना जनाधार सभी होली मिलन के बहाने सामने रख रहें हैं।

### विधायक के घर नहीं हुआ होली मिलन का कोई कार्यक्रम

वहीं बैकुंठपुर विधायक के घर होली मिलन का कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ। बैकुंठपुर विधायक की लोकप्रियता लगातार घटी है और उनके खास समर्थकों से उनकी दूरी भी बढ़ी है। माना जा रहा है की उनके लिए चुनावी रणनीति बनाने वाले ही उनसे दूर हुए हैं और यही वजह रही की उनके यहां होली मिलन को चुनावी रणनीति में बदलने कोई प्रयास नहीं हुआ।

### कांग्रेस के संभावित दावेदारों के घर होली मिलन में जुटे विधानसभा के सभी वर्गों के लोग

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बैकुंठपुर अशोक जायसवाल के घर होली मिलन में जहां बैकुंठपुर विधानसभा के सभी वर्गों के लोग जुटे वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी के यहां भी सभी वर्गों के लोग जुटे। कर्मचारी, राजनीतिज्ञ किसान सहित सामाजिक नेतृत्व करने वाले विभिन्न वर्गों के लोगों की उपस्थिति में होली मिलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ वहीं सभी ने होली के रंगों के साथ नेताओं को बधाई भी दी।

## प्रतापपुर विधानसभा में होली मिलन कार्यक्रम संपन्न

» महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कराई होली मिलन समारोह

- संवाददाता -
वाड्रफनगर,11 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

बलरामपुर जिला के महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के द्वारा ग्राम पंचायत डांड करवा (भुरानी डांड) में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमें प्रतापपुर विधानसभा के कोने-कोने के कार्यकर्ता ग्रामीण जन हजारों की संख्या में उपस्थित होकर होली मिलन का कार्यक्रम में रंगों से सराबोर होकर भोजपुरी कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिए । शकुंतला सिंह पोर्ते ने सभी लोगों को रंग लगाकर दिल की गहराइयों से स्वागत अभिनंदन की तथा वरिष्ठ सभी कार्यकर्ताओं का



माल्यार्पण व पुष्प वर्षा करके स्वागत की ।लोगों का बहुत सारा स्नेह प्यार दुलार मिला होली मिलन समारोह में आए सभी लोग में एक अलग अंदाज का उत्साह और खुशी झलक रहा था तथा शकुंतला सिंह के द्वारा भाव पूर्वक सभी लोगों को भोजन कराई । भोजपुरी जगत के मशहूर कलाकार राकेश राजा और रानी पांडे के द्वारा अपने काला प्रस्तुति कर लोगों को भरपूर आनंद रंगों से सराबोर कर दिया यह कार्यक्रम ऐतिहासिक कार्यक्रम बताया जा रहा है, इससे पूर्व इस तरह का कभी होली मिलन समारोह नहीं हुआ था ऐसा क्षेत्र के समस्त लोगों का कहना है शकुंतला सिंह पोर्ते के द्वारा क्षेत्र से आए सभी कार्यकर्ताओं जनताओ का मंच पर से नाम लेकर सभी का अभिवादन स्वागत वंदन की ।यह कार्यक्रम दिल को छू लेने वाला कार्यक्रम हुआ । इस कार्यक्रम से लोगों को उसने प्यार प्रेम बहुत मिला और शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रती एक आत्मीयता लगाओ बढ़ । इनकी कुशल नेतृत्व सरल सहज व्यवहार मिलनसार की क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## मेडिकल कॉलेज सम्बद्ध अस्पताल का नाम माता राजमोहनी देवी के नाम से करने प्रस्ताव पारित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 मार्च 2023
(घटती-घटना)।



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर सम्बद्ध चिकित्सालय का नाम माता राजमोहिनी देवी स्मृति चिकित्सालय किये जाने का प्रस्ताव जिला स्तरीय समिति द्वारा पारित किया गया। इस संबंध में शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राज्य स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत, छत्तीसगढ़ तेलघानी बोर्ड के सदस्य श्री लक्ष्मी गुप्ता, मदरसा बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री इरफान सिद्दीकी शामिल हुए।

बैठक में कलेक्टर सरगुजा एवं सदस्य संयोजक जिला स्तरीय समिति द्वारा मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर से संबद्ध नवनिर्मित अस्पताल का नाम माता राजमोहिनी देवी स्मृति चिकित्सालय अम्बिकापुर किये जाने हेतु प्रस्ताव रखा गया। जिला स्तरीय समिति के सदस्यों द्वारा आवश्यक चर्चा एवं विचार-विमर्श उपरांत राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर से संबद्ध नवनिर्मित अस्पताल का नाम माता राजमोहिनी देवी स्मृति चिकित्सालय ÷ अम्बिकापुर नाम करने हेतु प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया।

## शासन की योजनाओं का सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें:सांसद श्रीमती रेणुका सिंह


» बिजली समस्या एवं खराब ट्रांसफर का समय अवधि में परिवर्तन करने के निर्देश

» पीएम आवास समय अवधि में पूर्ण करने कार्य में तेजी लाने के निर्देश

- संवाददाता -
सूरजपुर, 11 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिला पंचायत सभा कक्ष में जनजातीय कार्य मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सरगुजा सांसद श्रीमती रेणुका सिंह की अध्यक्षता में वर्चुअल के माध्यम से आयोजित हुई। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह ने पूर्व में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा निरंतर जिले के विकास के लिए सभी विभाग को समन्वय कर टीम भावना से कार्य करने प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी तथा सभी योजनाओं का विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। सांसद श्रीमती रेणुका सिंह ने जिले के सभी विभाग के अधिकारियों को बेहतर समन्वय कर शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करने निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए जा रहे पीएम आवास के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली एवं कार्यों में तेजी लाते हुए बारिश के पूर्व तक समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।






मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों की जानकारी ली तथा मनरेगा के मजदूरी भुगतान समय अवधि में करने निर्देश दिया। उन्होंने जिले के विद्युत समस्या की जानकारी लेते हुए बिजली समस्या एवं खराब ट्रांसफार्मर का समय अवधि में परिवर्तित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली तथा संबंधित विभाग को गुणवत्तापूर्ण कार्य कर पूर्ण करने निर्देशित किया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सभी हाट बाजारों में साफ सफाई के लिए अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्वला योजना, एलपीजी कनेक्शन की जानकारी ली एवं उज्जवला गैस के प्रयोग के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर सिलेंडर गैस प्रयोग के लिए लोगों को जागरूक करने कहा। उन्होंने स्कूल, आश्रम छात्रावास में बिजली पानी की व्यवस्था बेहतर करने निर्देशित किया जिससे बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने जिले के पहुंच विहीन गांवों में सड़क निर्माण के लिए पीएमजीएसवाई के तहत बनाए जा रहे सड़कों को समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हर घर में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने जल जीवन मिशन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है आगामी गर्मी मौसम को देखते हुए सभी तैयारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों सहित सभी संस्थानों में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें जिससे बच्चों को पीने के पानी के लिए परेशानी ना हो। खराब हैंडपंप मरम्मत कर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा गर्मी के दिनों में पानी टैंकर की व्यवस्था करें। सांसद श्रीमती रेणुका सिंह ने विश्रामपुर नगरीय क्षेत्र में पानी की किल्लत को देखते हुए सहयोग करने हेतु आश्वस्त किया।

उन्होंने अस्तपतालों में साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त रखने निर्देशित किया। ग्रामीण क्षेत्रों में हाट बाजार क्लिनिक के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रचार प्रसार करने हेतु मुनादी करने के निर्देश दिए तथा आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव व्यवस्था की जानकारी ली तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार कर जागरूक करने निर्देशित किया।

बैठक में सांसद श्रीमती रेणुका सिंह ने मनरेगा, दीनदयाल अंत्योदय योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, पीएम ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं शहरी, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, डिजिटल भारत भू अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, स्मार्ट सिटी मिशन, उज्वला योजना, पीएम फसल बीमा योजना की समीक्षा की तथा सम्बधित बिभाग को निरंतर कार्य करने कहा।

केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सरगुजा सांसदश्रीमती रेणुका सिंह ने अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकांश लोगों को योजनाओं की जानकारी नहीं है उन्हें जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करें और उन्हें लाभ दिलाएं। उन्होंने संचालित योजनाओं का निरंतर निगरानी करते हुए बेहतर समन्वय कर योजनाओं का क्रियान्वयन करने तथा जनता की हर प्रकार के समस्याओं का समय अवधि में निराकरण करने कहा। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि टीम भाव से अपनी जनता को परिवार समझकर कार्य करें जिला निश्चित रूप से आगे बढ़ेगा।

बैठक में संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े, जनप्रतिनिधि गण, दिशा समिति के सदस्य एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# शासन की योजनाओं से जुड़कर महिलाएं हो रही हैं आत्मनिर्भर : सांसद श्रीमती ज्योत्सना

- संवाददाता -
कोरबा, 11 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

पहले जब बेटी पैदा होती थी तो समाज में उसे बोझ समझा जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपनी काबिलियत से आगे बढ़ रही हैं। हर जगह महिलाओं की भागीदारी व प्रतिनिधित्व देखने को मिल रहा है। प्रदेश में सरकार भी महिलाओं के विकास व उत्थान को ध्यान में रखकर काम कर रही हैं। प्रदेश में महिलाओं के कल्याण के लिए शासन कई योजनाएं चला रही है। गांवों में महिलाएं आज गोबर, खाद विक्रय कर आर्थिक रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर हो रही हैं। उक्त बातें जिला प्रशासन व महिला बाल विकास विभाग द्वारा सीएसईबी कोरबा पूर्व सीनियर क्लब में आयोजित जिला स्तरीय महिला सम्मेलन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने कही। सांसद श्रीमती महंत ने कहा कि महिलाएं पहले से मजबूत जरूर हुई है लेकिन आगे भी महिलाओं को समान अधिकार और बराबरी मिलना चाहिए। महिलाओं को बराबरी के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण मिल सके इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को खुद भी सशक्त और जागरूक होने का प्रयास करना चाहिए। महिलाएं जागरूक रहेंगी तो अपने परिवार समाज और देश को भी संभाल सकती हैं। प्रदेश सरकार की नीति में भी है कि महिलाएं सशक्त और मजबूत होंगी तो समाज सुधरेगा और विकास होगा। महिलाएं परिवार और समाज की धुरी हैं जो सबको संभालती हैं। सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोत्तरी के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया और आंगनबाड़ी



कार्यकताओं को इसके लिए बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय ने कहा कि सरकार महिलाओं को आजीविका के साधन उपलब्ध कराकर उनको आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकार के लिए भी कार्य कर रही है। आज महिलाएं खुद के साथ अन्याय होने पर आगे आकर मुखर हो पा रही है। महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए महिला आयोग भी सक्रियता से काम कर रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर ने कहा कि महिलाएं आज घर संभालने के साथ ही आजीविका से जुड़कर आर्थिक प्रगति भी कर रहीं है। महिला सम्मेलन कार्यक्रम में महिलाओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, रस्साकशी, फुगड़ी और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसके विजेताओं को अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य के लिए पांच परियोजना अधिकारी तथा 32 पर्यवेक्षकों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकताओं को भी सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय महिला सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष पोड़ी-उपरोड़ा श्रीमती संतोषी पेंद्रो नगर पालिका परिषद दीपका की अध्यक्ष श्रीमती संतोषी दीवान, जनपद संदस्य श्रीमती शशिकला महंत, श्रीमती भवानी राजेश राठौर, अध्यक्ष प्रेरणा महिला मण्डल श्रीमती सोनिया बघेल, श्रीमती सपना चौहान, श्रीमती उषा तिवारी, श्रीमती कुसुम द्विवेदी, श्रीमती द्रौपदी तिवारी, श्रीमती रूपा मिश्रा सहित महिला बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति खोखर चखियार व विभाग के अन्य अधिकारी और विभिन्न सेक्टर से आए आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता, सहायिका व अन्य उपस्थित रहीं।

# छत्तीसगढ़ बन रहा अपराध का गढ़ डॉ राजीव सिंह

» एएसआई की हत्या पर दुख के साथ छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की विफलता पर जताया आक्रोश

- संवाददाता -
कोरबा, 11 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



भारतीय जनता पार्टी कोरबा के जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने बांगो थाना में पदस्थ एएसआई की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया । उन्होंने एक वीडियो के द्वारा बयान जारी करते हुए कहा कि मैं पुलिस विभाग में कार्यरत एएसआई के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता हूं और ईश्वर उनके परिजनों को इस मुश्किल परिस्थिति को सहने का सामर्थ्य प्रदान करें यही कामना करता हूं । उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में जब से भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार आई है तब से लगातार बलात्कार, चोरी ,डकैती एवं हत्या की घटनाएं आम हो गई है । छत्तीसगढ़ प्रदेश जिसे एक समय राम राज्य के रूप में जाना जाता था, आज उस छत्तीसगढ़ को अपराध गढ़ के रूप में जाना जा रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके विधायकों को चेतावनी देते हुए कहा की पुलिस एवं प्रशासन में जल्द से जल्द कसावट लावे तथा इस प्रकार की घटनाओं में कमी लाने हेतु प्रयास करें अन्यथा आने वाले समय में छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता उन्हें जरूर सबक सिखाएगी ।

# एएसआई कि हत्या के 24 घंटे पश्चात पुलिस द्वारा जांच एवं पूछताछ जारी

- संवाददाता -
कोरबा, 11 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले के बांगो थाना में पदस्थ एएसआई नरेन्द्र सिंह परिहार के कमरे में घुसकर गर्दन के पीछे किसी धारदार हथियार से काफी गहरा और संघातिक वार कर हत्या कर देने के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर






लिया है। यह हमला किसने और क्यों किया, इसके बारे में जांच-पड़ताल विगत 24 घंटे के पश्चात विभिन्न बिन्दुओं पर पुलिस की जांच जारी है। 09 व 10 मार्च की मध्य रात्रि से सुबह के बीच के घटनाक्रम में मारे गए एएसआई के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के उपरांत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 302 व 458 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है। इस मामले को सुलझाने के लिए एसपी उदय किरण के मार्गदर्शन में पुलिस की अलग-अलग टीम लगी हुई है। सायबर सेल एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट तथा खोजी डॉग बाघा की मदद इस मामले में ली गई है। प्रारंभिक तौर पर मिले सुराग के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है साथ ही अन्य संदेहियों पर निगरानी रखी जा रही है जिससे जल्द से जल्द आरोपी तक पहुंचा जा सके।

# मानिकपुर पोखरी जल्द बनेगा शहर का मुख्य पर्यटन स्थल

- संवाददाता -
कोरबा, 11 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा शहर से लगा एस.ई.सी.एल. की मानिकपुर पोखरी अब शहर की मुख्य पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा तथा मानिकपुर पोखरी कोरबा शहर का प्रमुख आकर्षण पर्यटन स्थल बनाया जाएगा । नगर निगम कोरबा तथा एस.ई.सी.एल.कोरबा के मध्य सम्पन्न हुए एम.ओ.यू. में आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय की ओर से अधीक्षण अभियंता श्री एम.के.वर्मा एवं एस.ई.सी.एल. के मुख्य महाप्रबंधक श्री विश्वनाथ सिंह ने हस्ताक्षर किए। कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के दिशा निर्देशन में मानिकपुर पोखरी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की बहुप्रतीक्षित योजना को अब साकार रूप मिलने जा रहा है तथा इसका मार्ग प्रशस्त हो चुका है।एस.ई.सी.एल.कोरबा की पूर्व ओपन माइंस कोयला खदान मानिकपुर पोखरी साल के सभी 12 महीनों में पानी से भरपूर भरी रहती है, उक्त पोखरी को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना को अब साकार रूप मिल जाएगा, एस.ई.सी.एल.कोरबा द्वारा 11 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से पोखरी को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। नगर निगम कोरबा एवं एस.ई.सी.एल.कोरबा के द्वारा एम.ओ.यू. सम्पन्न किया गया तथा अधिकारियों द्वारा एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए गए।



जिसमें मुख्य रूप से इन सुविधाओं को उपलब्ध कराई जाएंगी ढ्ढ मानिकपुर पोखरी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए 11 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से विभिन्न कार्य किए गए जाएंगे। यहाँ पर बोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएंगी, वहीं पोखरी परिसर में गार्डन का निर्माण, सेल्फी जोन, चिल्ड्रन प्ले एरिया, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, डेकोरेटिव लाइट, क्लेबिंग वाल, रिपेलिंग वाल, जिपलिंग रोलर कोस्टर, म्यूजिकल फाउंटेन, गजिबो, एडमिन ब्लॉक, भव्य प्रवेशद्वार, सी.सी.टीव्ही.कैमरों की उपलब्धता आदि के साथ-साथ अन्य मनोरंजक व पर्यटन सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

# अस्सी लाख के लगात से बने गार्डन के गेट से ताला हटने का वार्ड वासियों को है इंतजार

- संवाददाता -
कोरबा, 11 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



लंबे इंतजार और लगभग अस्सी लाख के लगात से बने गार्डन के गेट से ताला हटने का इंतजार नगर निगम के वार्ड 12 शारदा विहार के पूरे वार्डवासियों को है।वार्ड में एक गार्डन की मांग लंबे समय से थी जिसे महापौर रहते श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अक्टूबर 2019 में पूरी भी की जो पार्क चार साल लंबे इंतजार के बाद बन कर पूरी तरह तैयार भी हो गया है। जिसका उद्घाटन राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, महापौर राजकिशोर प्रसाद, वार्ड पार्षद और नगर निगम सभापति श्यामसुंदर सोनी ने जनवरी माह में कर भी दिया गया है पर उस दिन के बाद से ही गेट पर ताला लटका हुआ है जिस कारण इतने बजट से बने गार्डन का लाभ किसी को नही मिल पा रहा । वार्ड वासियों का कहना है की वो सुबह-शाम वाक के लिए सड़क में निकलते है। ज्यादातर बच्चों के पेपर खत्म हो गए है वो गर्मी की छुट्टी मना रहे है। गर्मी की छुट्टी होने के कारण बच्चे मोहल्ले के सड़को पर खेलते रहते है जो सुरक्षा की दृष्टि से सही नहीं है एवं मुख्य सड़क होने से जान माल का भी क्षति होने का डर बना रहता है। गार्डन के खुल जाने से परिवार के साथ बच्चे यहां समय बिता सकेंगे और उन्हे वाक करने के साथ बच्चो को खेलने के लिए सुरक्षित जगह मिल जाएगा

# देश में धर्मांतरण नहीं होना चाहिए:आचार्य जिन मणिप्रभसूरीश्वर

- संवाददाता -
कोरबा, 11 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



कोरबा पधारे आचार्य जिन मणिप्रभसूरीश्वर ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भारत में धर्मांतरण नहीं होना चाहिए, चाहे वह किसी भी धर्म का हो। लोगों को अपने धर्म में ही रहना चाहिए। धर्मांतरण का कड़ा विरोध होना चाहिए। वर्तमान में एक दूसरे को लड़ाने की प्रवृत्ति चल रही है,इससे देश बट जाएगा। जो स्थिति वर्तमान में उत्पन्न हुई है वह ठीक नहीं है। सभी धर्मों को साथ लेकर चलना चाहिए। छत्तीसगढ़ के लोग बड़े शांति प्रिय हैं।उन्होंने कहा कि लोगों को परम शांति से जीना चाहिए। सहभाव और सहयोग से ही परम शांति स्थापित हो सकती है। प्रभु महावीर के संदेश व सिद्धांतों को पूरे विश्व को अनुशरण करना चाहिए। इससे ही परम शांति मिल सकती है। पाश्चात्य संस्कृति को लेकर कहा कि यह क्षणिक है, इससे शांति नहीं मिल सकती। लगातार पाश्चात्य संस्कृति में डूबे युवा





भी साधु संत हो रहे हैं, जिनका आचरण व दिनचर्या ही पाश्चात्य संस्कृति से जुड़ा था। जब तक जीवन का मूल्य नहीं समझेंगे आत्मा में यह विकार चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति पर नाज है। सभी धर्म गंगा, यमुना, सरस्वती का त्रिवेणी का संगम हैं। सभी संस्कृति व उपदेश आपस में एक होते हैं। हमारा जीवन सरल व सहज होना चाहिए ढ्ढ कोरबा टीपी नगर इंदिरा विहार में जैन समाज द्वारा भव्य मंदिर तैयार किया गया है। उक्त मंदिर में मूर्ति की कल प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी जिसके लिए समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जैन मुनि शामिल होने कोरबा पहुंचे हैं।

# शिविर में हितग्राहियों का किया गया पेंशन स्वीकृत





- संवाददाता -
अंबिकापुर, 11 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

गांव में ही लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए पंचायत एवं खंड स्तर पर जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को उदयपुर विकासखण्ड के ग्राम शंकरपुर में लगाए गए शिविर में दो हितग्राहियों का पेंशन स्वीकृत किया गया। इसके साथ ही अन्य समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर के माध्यम से समस्या का त्वरित समाधान होने से लोगों को राहत मिल रही है।

इसके साथ ही विकासखण्ड बतौली के ग्राम पंचायत बेलजोरा में आयोजित शिविर में 167 आवेदन प्राप्त हुए। मैनपाट विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सरभंजा में विकासखण्ड स्तरीय शिविर का आयोजन कर लोगों की समस्या सुनी गई। शिविर में विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

ज्ञातव्य है कि कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार लोगों की समस्या का समाधान गांव में ही करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत एवं विकास खंड स्तर पर जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।


## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

### रूचि की अभिव्यक्ति

**इओआई सं.Tie-up/ABKP&APR/EOI empnl/2023/395, दिनांक: 06.03.2023.**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं के लिए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर द्वारा अम्बिकपुर (छ.ग.) और अनूपपुर (म.प्र.) शहर/सेक्शन के सभी प्राइवेट हास्पिटलों से प्राथमिक, सेकेण्डरी/हायर सेकेण्डरी/टरशयरी केयर चिकित्सा प्रबंधन/उपचार (विविध स्पेशियलिटियों/एकल स्पेशियलिटी में) अम्बिकापुर और अनूपपुर स्टेशन/सेक्शन के रेलवे हितग्राहियों के लिए रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। केवल टरशयरी केयर चिकित्सा प्रबंधन हेतु शहर के 10 किमी दायरा क्षेत्र के हास्पिटल भी आवेदन कर सकते है।

**1. कार्य का नाम एवं स्थान:** अम्बिकापुर और अनूपपुर स्टेशन/ सेक्शन के रेलवे हितग्राहियों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा के लिए अनुबंध हेतु। **2. कार्य की दर:** सी.जी.एच.एस. जबलपुर 2014 या निकटतम सी.जी.एच.एस. शहर के दर में, यदि सी.जी.एच.एस. उपलब्ध न होने पर एम्स रेट लागु होगें। **3.** रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 25.04.2018 और 09.12.2021 के दिशानिर्देश के अनुसार केटेगरी 'ए' एवं केटेगरी 'बी' दोनों प्रकार के हास्पिटल नवीन अनुबंध हेतु आवेदन करने की आवश्यकता है तथा वर्तमान में अनुबंधित हास्पिटल नवीन अनुबंध हेतु आवेदन कर सकते है। **4.** नवीन अनुबंधित हास्पिटलों को सभी ड्रग्स और कन्जुमेबलस्/ डिस्पोजेबलस् एवं ऐसे इम्प्लांटस् जो सी.जी.एच.एस. अथवा एम्स रेट के भीतर न हो में कम से कम 5 प्रतिशत या अधिक छुट प्रदान करना होगा/ अपेक्षित है। ऐसे प्रोसेड्यूर/ जाँच जो सी.जी.एच.एस. एवं एम्स रेट में न होने की स्थिति में आवश्यक छूट प्रदान करना होगा। **5. आवेदन की तिथि एवं समय :** आवेदन केवल संबंधित दस्तावेजों के साथ **दिनांक 10/03/2023 से 31/03/2023 के 17.00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं द्वारा कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर** में जमा किए जा सकते हैं। **दिनांक 31/03/2023 के 17.00 बजे** के बाद जमा किए या डाक द्वारा प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा। यदि उपरोक्त दिनांक किसी कारणवश अवकाश घोषित किया जाता है तो उसके तुरंत बाद के कार्यालयीन दिवस को आवेदन जमा करने/ प्राप्त करने का अंतिम दिवस माना जाएगा। **6. आवेदन खुलने की तिथि:** ईओआई सूचना प्रकाशित होने के 21 दिनों के भीतर जो कि **31.03.2023 के 17.00 बजे तक** होगी। **7.** ईओआई सूचना एवं प्रात्रता की निर्धारित शर्ते का विस्तृत विवरण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के वेबसाईट **www.secr.indianrailways.gov.in** में एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर के सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है। **नोट: 1.** यदि उपरोक्त दिनांक किसी कारण वश अवकाश घोषित किया जाता है तो उसके तुरंत बाद कार्यालयीन दिवस को आवेदन जमा करने/ प्राप्त करने का अंतिम दिवस माना जाएगा। **2.** रेलवे के पास यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि किसी भी आवेदन को, बिना कोई कारण बतायें निरस्त कर सकता है। **3.** ईओआई सूचना एवं पात्रता की निर्धारित शर्ते का विस्तृत विवरण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के वेबसाईट **www.secr. indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं। **4.** नियम एवं शर्तो के विस्तृत विवरण के लिए रेलवे बोर्ड के पॉलिसी लेटर दिनांक 25.04.2018 व 09.12.2021 का अध्ययन करें जो कि इस ईओआई सूचना के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के वेबसाईट में उपलब्ध है। **5.** सभी प्राईवेट अस्पतालों को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के साथ अनुबंध करार (MoU) निष्पादित करना होगा जिसमें कि वे अधिकृत अधिकारी द्वारा अनुमोदित रिफरल करने पर रेलवे हितग्राहियों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

*मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,*
*सीपीआर/10/489 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail

R.O.No.-BSP/3630


# सड़क,पुल-पुलियो सहित अन्य निर्माण कार्यों में तेजी लाकर बरसात से पहले पूरा कराए:भगत

» खाद्य मंत्री ने ली जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 11 मार्च 2023 (घटती-घटना)।





छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अमरजीत भगत ने शनिवार को सर्किट हाउस अम्बिकापुर में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियो की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्माण एवं सम्बद्ध विभागों के अधिकारियो को सड़क, पुल पुलिया एवं अन्य निर्माण कार्यों में तेजी लाकर बरसात से पहले पूरा कराने के निर्देश दिए।

खाद्य मंत्री ने कहा कि अप्रैल से जून तक तीन महीने में सड़कों व पुल पुलिया निर्माण के लिए लक्ष्य निर्धारित करें। कार्य की साप्ताहिक प्रगति की मॉनिटरिंग जिला स्तर से होनी चाहिए। समय सीमा की बैठक में भी समीक्षा नियमित रूप से हो। उन्होंने कहा कि अम्बिकापुर-उदयपुर तथा अम्बिकापुर सीतापुर एनएच में जहाँ जहाँ काम चल रहे है उसे तेजी से पूरा कराए। एनएच में जमीन अधिग्रहण प्रभावितो को मुआवजा का वितरण का कार्य भी तेजी से करें। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या न हो इसके लिए पीएचई विभाग मैदानी अमलो को मुस्तैद रखें।

खाद्य मंत्री ने जर्जर स्कूल भवनों के मरम्मत कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि स्कूल भवनों के मरम्मत कार्य में तेजी लाने के लिए नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक लोगो तक पहुंचाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई, छत्तीसगढ़ तेल घानी बोर्ड के सदस्य श्री लक्ष्मी गुप्ता, मदरसा बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री इरफान सिद्दीकी, गौ सेवा आयोग के सदस्य श्री अटल बिहारी यादव सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# शुभमन गिल ने पहली बार टेस्ट में लगाया शतक

**» विराट कोहली के रिएक्शन ने जीता फैंस का दिल**

**अहमदाबाद ,11 मार्च 2023।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट की पहली पारी में शानदार शतक लगाया। उन्होंने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच के तीसरे दिन (11 मार्च) 128 रन की पारी खेली। गिल ने भारतीय जमीन पर पहली बार टेस्ट में शतक लगाया। यह उनका करियर में दूसरा शतक है। इससे पहले उन्होंने पिछले साल बांग्लादेश में 110 रन की पारी खेली थी। गिल के शतक लगाने के बाद विराट कोहली काफी खुश नजर आए। उनका रिएक्शन फैंस को काफी पसंद आया और वह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

गिल के लिए यह साल काफी शानदार रहा है। उन्होंने तीनों फॉर्मेट में शतक लगाए हैं। उन्होंने कुल पांच शतक 2023 में लगाए हैं। गिल ने 15 जनवरी को श्रीलंका के खिलाफ वनडे में 116 रन बनाए थे। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ इसी फॉर्मेट में हैदराबाद में 18 जनवरी को 208 और इंदौर में 24 जनवरी को 112 रन बनाए थे। उन्होने अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक फरवरी को टी20 मैच में नाबाद 126 रनों की पारी खेली थी।



### गिल ने पुजारा के साथ की शतकीय साझेदारी

केएल राहुल के स्थान पर टीम इंडिया में आने वाले शुभमन गिल तीसरे टेस्ट में कुछ खास नहीं कर सके थे। उन्होंने इंदौर में 21 और पांच रन बनाए थे। अहमदाबाद में गिल ने कोई गलती नहीं की। उन्होंने शतक लगाकर सबका दिल जीत लिया। गिल ने कप्तान रोहित शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी की। इसके बाद चेतेश्वर पुजारा के साथ मिलकर उन्होंने दूसरे विकेट के लिए 113 रन जोड़े। विराट कोहली के साथ तीसरे विकेट के लिए गिल ने 58 रन की साझेदारी की।

गिल के शतक लगाते ही भारत का ड्रेसिंग रूम खुशी से झूम उठा। सभी खिलाड़ियों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। विराट कोहली के चेहरे पर खुशी सबसे ज्यादा दिख रही थी। वह मुस्कुरा रहे थे। कोहली ने काफी देर तक ताली बजाई।



## रोहित शर्मा ने किया शानदार कारनामा

**सचिन तेंदुलकर,कोहली और धोनी के लिस्ट में बनाई जगह**

**नई दिल्ली ,11 मार्च 2023।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 17,000 हजार रन पूरा कर लिया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच में उन्होंने यह कारनामा किया।

भारत की तरफ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 17,000 हजार रन बनाने वाले रोहित शर्मा छठे बल्लेबाज बन गए हैं। बता दें कि रोहित के अलावा, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, राहुल द्रविड, सौरव गांगुली और एम एस धोनी ने यह कारनामा किया है।

### 48 टेस्ट मैच खेल चुके हैं रोहित

पहली पारी में रोहित शर्मा ने 58 गेंदों पर 35 रन की पारी खेली। वो मैथ्यू कुहनेमन की गेंद पर कैच आउट हुए। रोहित शर्मा ने जून 2007 में आयरलैंड के खिलाफ भारत के लिए डेब्यू किया था। रोहित ने कुल 48* टेस्ट, 241 वनडे और 148 टी20 मैच खेले हैं।

### चौथे टेस्ट मैच का हाल

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे आखिरी टेस्ट मुकाबले की बात करें तो मेहमान टीम की पहली पारी शुक्रवार को दूसरे दिन 480 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में भारत ने स्टंप्स तक बिना किसी नुकसान के 36 रन बना लिए हैं।

उस्मान ख्वाजा (180) और कैमरन ग्रीन (114) के शतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 167.3 ओवर में 480 रन पर ऑलआउट हुई थी। ख्वाजा-ग्रीन ने पांचवें विकेट के लिए 308 रन की साझेदारी की थी। भारत की तरफ से रविचंद्रन अश्विन ने सबसे ज्यादा 6 विकेट चटकाए थे। वहीं, भारत की ओर से पहली पारी में शुभमन गिल ने शानदार शतक जड़ा है।

# चेतेश्वर पुजारा ने चौथे टेस्ट में दो बड़ी उपलब्धियां हासिल की



**» सचिन तेंदुलकर के क्लब में जुड़े**

**नई दिल्ली ,11 मार्च 2023।** भारत के टेस्ट स्पेशलिस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो बड़ी उपलब्धियां हासिल की। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट के तीसरे दिन पुजारा ने जैसे ही 9वां रन पूरा किया तो दो बड़ी उपलब्धियां अपने नाम कर ली।

चेतेश्वर पुजारा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी इतिहास में 2000 या ज्यादा रन बनाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। पुजारा अब सचिन तेंदुलकर, वीवीएस लक्ष्मण और राहुल द्रविड़ के क्लब में जुड़े, जो पहले ये कमाल कर चुके हैं। वहीं बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में वो 2000 या ज्यादा रन बनाने वाले वैसे छठे बल्लेबाज बने हैं।

पुजारा को अहमदाबाद टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2000 रन पूरे करने के लिए 9 रन की दरकार थी। तीसरे दिन के खेल के पहले सत्र में ऐसा करते ही वो विशेष क्लब का हिस्सा बन गए। पुजारा इस समय ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना 24वां टेस्ट खेल रहे हैं। भारतीय बल्लेबाज इस समय टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाने के लिए मैदान पर लड़ाई कर रहे हैं।

### पुजारा की एक और उपलब्धि

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2000 रन पूरे करने के अलावा पुजारा ने भारत में वर्ल्ड नंबर-1 टेस्ट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1000 रन भी पूरे किए। इस मामले में भी वो तेंदुलकर, लक्ष्मण और द्रविड़ के बाद चौथे स्थान पर हैं। पुजारा की कोशिश बड़ी पारी खेलकर भारत को चौथे टेस्ट में मजबूत स्थिति में पहुंचाने की होगी। भारतीय टीम के लिए अहमदाबाद टेस्ट जीतना हर हाल में जरूरी है ताकि वो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए सीधे प्रवेश करे। अगर चौथा टेस्ट ड्रॉ या फिर भारत हार जाता है तो उसे न्यूजीलैंड-श्रीलंका सीरीज के नतीजे पर निर्भर रहना होगा। श्रीलंका अगर न्यूजीलैंड को 2-0 से हरा दे और भारत अहमदाबाद टेस्ट हार जाए या ड्रॉ करा दे, तो श्रीलंका डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंच जाएगी। अगर श्रीलंका एक मैच जीते और एक ड्रॉ भी कराए तो ऐसी स्थिति में भारत फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेगा।

# आरसीबी को अपने खिलाड़ियों की फॉर्म का इस्तेमाल करना चाहिए

**मुंबई, 11 मार्च 2023।** भारतीय बल्लेबाज वेदा कृष्णामूर्ति का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अपने इन-फॉर्म खिलाड़ियों का उस समय इस्तेमाल करना चाहिए था जब महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) में यूपी वारियर्स के खिलाफ 10 विकेट की करारी हार के दौरान उनके ओवर कम होते जा रहे थे।

बेंगलुरु के लिए एलिस पैरी ने अर्धशतक बनाया लेकिन यह उसे 10 विकेट की हार से बचाने के लिए पर्याप्त नहीं था। बेंगलुरु की सितारों से सुसज्जित बल्लेबाजी लाइन अप ने एक और निराशाजनक प्रदर्शन किया और उसने अपने आखिरी सात विकेट मात्र 40 रन जोड़कर गंवा दिए।

स्पोर्ट्स18 और जियोसिनेमा पर डब्लूपीएल एक्सपर्ट वेदा ने कहा, ÷जब आपके पास हीथर नाइट्स, एरिन बर्न्स और ऋचा घोष मध्य क्रम में हैं तो आप कनिका आहूजा और श्रेयंका पाटिल को भेज देते हैं। हीथर नाइट्स इंग्लैंड के लिए नंबर चार पर खेलती हैं मुझे हैरानी है कि उन्होंने ऐसा बल्लेबाजी क्रम क्यों चुना। लगातार चार हार के बाद बेंगलुरु अंक तालिका में सबसे नीचे है और उसके प्रदर्शन पर सवाल उठाये जा रहे हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर रीमा मल्होत्रा ने कहा कि बेंगलुरु अपने घरेलू खिलाड़ियों का पूरा इस्तेमाल नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा, ÷यदि आप आरसीबी की टीम को देखें तो आप पाएंगे उनके पास स्मृति मंधाना, एलिस पैरी और रेणुका सिंह ठाकुर के रूप में कई अच्छी खिलाड़ी हैं लेकिन समस्या यह है कि वे भारतीय खिलाड़ियों का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। उनके पास कनिका आहूजा के रूप में आलराउंडर है लेकिन उन्हें गेंदबाजी नहीं दी गयी है।



उन्होंने कहा, कप्तान स्मृति मंधाना को अपने घरेलू खिलाड़ियों को समझने के लिए समय नहीं मिल पाया है। बेंगलुरु अपने संसाधनों का इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है और यह वो जगह है जहां सपोर्ट स्टाफ की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। आरसीबी की टीम के सपोर्ट स्टाफ में एक बड़ा नाम गायब है जो यह बताये कि यह खिलाड़ी ये कर सकता है और आपके पास ये विकल्प हैं। जब स्मृति अपने घरेलू खिलाड़ियों को जान पाएंगी तब आरसीबी अच्छा प्रदर्शन करने लगेगी।

# भूटान महिला फुटबॉल टीम कई बाधाओं के बावजूद चमकी

**थिम्फू ,11 मार्च 2023।** फुटबॉल की दुनिया में सबसे कम रैंक वाली महिला टीमों में से एक भूटान की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम है। लेकिन यह उन्हें बहुत अधिक प्रयास करने और लोगों को जीतने से नहीं रोकता है। पेमा चोडेन त्शेरिंग, एक हरफनमौला खिलाड़ी जो भूटान की राष्ट्रीय टीम के लिए मिडफ़ील्ड में खेलती हैं और महिला फुटबॉल की प्रभारी हैं, उनका कहना है कि भूटान की महिला फुटबॉल के लिए उनका दृष्टिकोण वास्तव में फुटबॉल को उत्प्रेरक और उपकरण के रूप में उपयोग करना है ताकि सभी के जीवन को बढ़ाया, बदला और बेहतर बनाया जा सके। महिला फुटबॉल में शामिल, भूटान लाइव की सूचना दी। भूटान 200 में इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन फुटबॉल (फीफा) में शामिल हो गया।



फीफा विश्व रैंकिंग में, पुरुषों की राष्ट्रीय टीम वर्तमान में 211 देशों में से 185 वें स्थान पर है। महिला टीम 187 में से 177वें स्थान पर है। जबकि घरेलू महिला लीग की शुरुआत 2016 में हुई थी और वर्तमान में इसमें नौ टीमें शामिल हैं, घरेलू पुरुषों की लीग की स्थापना 2012 में हुई थी।वर्तमान में, पारो महिला एफसी चैंपियन है। बुमथांग डब्ल्यूएफसी, देश के उत्तरी क्षेत्र की एक टीम, आगामी सीज़न के लिए लीग का दसवां क्लब बन जाएगा।द भूटान लाइव के अनुसार, भूटान फुटबॉल फेडरेशन (बीएफएफ) के साथ कुल 219 महिला खिलाड़ी पंजीकृत हैं। इस तथ्य के बावजूद कि अधिकांश बड़े शहरों से हैं, देश का एफए अधिक दूरस्थ स्थानों के लिए कार्यक्रम स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। भूटान फुटबॉल महासंघ एथलीटों की अगली पीढ़ी को तैयार करने के लिए काफी प्रयास कर रहा है। थिम्फू में पुरुषों की प्रशिक्षण सुविधा के अलावा, भूटान दक्षिणी शहर गेलेफू में लड़कियों और महिलाओं के लिए एक फुटबॉल अकादमी भी रखता है। अकादमी में एक मैदान और एक जिम है, और भूटान की अंडर -14 टीम सुविधा का उपयोग करने वाली सबसे कम उम्र की टीम है।

# सुनील गावस्कर ने उस भारतीय युवा खिलाड़ी का नाम लिया जो भारत के लिए टेस्ट में आसानी से 10000 रन बनाया

**अहमदाबाद ,11 मार्च 2023।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया चौथे टेस्ट मैच के दौरान एक युवा भारतीय बल्लेबाज के बारे में एक बड़ी भविष्यवाणी की। गावस्कर ने भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की प्रशंसा की, क्योंकि इस युवा खिलाड़ी ने मैच के दूसरे दिन अपना दूसरा टेस्ट शतक दर्ज किया। स्टार स्पोर्ट्स पर बोलते हुए, गावस्कर ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी लाइनअप के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के लिए गिल की प्रशंसा की।



उनके पास बहुत समय है। जब वह रक्षात्मक शॉट खेलते हैं, जिस तरह से वह आगे झुकते हैं, यहां तक कि मिचेल स्टार्क के खिलाफ भी, वह बल्ले का सीधा चेहरा प्रस्तुत करते हैं और आगे की रक्षा करते हैं, यह देखना बहुत सुखद था। यह दर्शाता है कि उनमें आत्मविश्वास है।

इस दिग्गज बल्लेबाज ने खेल को पढ़ने की उनकी क्षमता पर प्रकाश डालते हुए शुभमन की बल्लेबाजी तकनीक की भी प्रशंसा की। वह केवल बैकफुट पर ही नहीं खेलता है। उसका पैर आगे बढ़ता है और उसके पास एक ठोस बचाव ही नहीं बल्कि एक ठोस आक्रमण भी है। और टेस्ट क्रिकेट में आपको इसकी जरूरत होती है। तेज गेंदबाजों के खिलाफ आगे और पीछे घूमना बहुत आसान नहीं है। लेकिन वह लाइन और लैंग्थ बहुत अच्छी तरह से चुनता है, गावस्कर ने कहा।

73 वर्षीय ने आगे भविष्यवाणी की कि गिल निश्चित रूप से रेड-बॉल क्रिकेट में भारत के लिए 10000 रन बना सकते हैं यदि वह अपने करियर को सही दिशा में रखते हैं यदि वह अपने करियर को सही दिशा में रखते हैं, तो वह आसानी से 8-10,000 रन बना सकते हैं। टेस्ट में, गावस्कर ने कहा। जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में दूसरे दिन का खेल भारत के साथ 36/0 पर समाप्त हुआ, सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और गिल ने तीसरे दिन पहले विकेट के लिए 74 रन जोड़े।

कप्तान रोहित को जहां 58 गेंदों पर 35 रन बनाकर वापस भेज दिया गया वहीं गिल ने 90 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद युवा सलामी बल्लेबाज ने चेतेश्वर पुजारा के साथ दूसरे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की। जबकि पुजारा 121 गेंदों में 42 रन पर आउट हो गए, गिल ने 194 गेंदों में अपना दूसरा टेस्ट शतक पूरा किया।

# फिल्म भीड़ का ट्रेलर रिलीज

राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर जल्द ही फिल्म भीड़ में नजर आएंगे। इस फिल्म से जुड़ी अब तक कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं। फिल्म का निर्देशन जाने-माने निर्देशक अनुभव सिन्हा ने किया है, वहीं पोस्टर और टीजर सामने आने के बाद से इसके ट्रेलर का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था, जो अब आखिरकार खत्म हो गया है।




राजकुमार और भूमि दोनों ने ही ट्रेलर रिलीज की जानकारी सोशल मीडिया पर दी है।

ट्रेलर में दिखाया गया है कि कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन लगने के कारण प्रवासियों को अपने घर पहुंचने में किस तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा? बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर हैं। पुलिस भीड़ पर काबू पाने के लिए लाठीचार्ज और पानी की बौछार कर रही है और राजकुमार भीड़ में अकेले कुछ अलग करने की हिम्मत जुटा रहे हैं। संकट के इस दौर में वह अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते दिख रहे हैं।

ट्रेलर ने लॉकडाउन के दर्द को एक बार फिर ताजा कर दिया है। इसमें प्रवासियों के सामने आने वाली चुनौतियों को बेहद करीब से दिखाया गया है। यह आम लोगों की कहानी है, जिससे आप खुद को जोड़ पाएंगे। राजकुमार का अभिनय भी काबिल-ए-तारीफ है। सोशल मीडिया पर फिल्म के ट्रेलर की प्रशंसक खूब तारीफ कर रहे हैं। ज्यादातर ने राजकुमार के काम की तारीफ की है। एक यूजर ने लिखा, बॉलीवुड को अनदेखा किया जा सकता है, लेकिन राजकुमार को नहीं। दूसरे ने लिखा, फिल्म हिट है बॉस। एक ने लिखा, वाकई उस बुरे दौर की यादें तजा हो गईं। एक ने लिखा, कोरोनाकाल की यह दर्दनाक कहानी सचमुच दिल छू लेने वाली है। कुछ लोगों ने राजकुमार को असली हीरो बताया।


# प्रीता ने गिराई अपने हुस्न की बिजलियाँ



टीवी के चर्चित सीरियल कुंडली भाग्य की प्रीता ने एक बार फिर अपने बोल्ड अंदाज से सोशल मीडिया पर लोकप्रियता बटोरनी आरम्भ कर दी है। हाल ही में श्रद्धा आर्या ने नई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। श्रद्धा की बोल्डनेस और उनके हुस्न का दीदार देख प्रशंसक जमकर तारीफें करते दिखाई दे रहे हैं। वही हाल ही में श्रद्धा आर्या ने पिंक कलर का आउटफिट पहने तस्वीरें साझा की हैं। कंधे से सरकते ऑउटफिट में श्रद्धा जमकर अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। फुल स्लीव्स डीपनेक ऑउटफिट में श्रद्धा आर्या बेहद खूबसूरत और सिजलिंग पोज देती नजर आ रही हैं। श्रद्धा आर्या ने सटल मेकअप के साथ न्यूड पिंक शेड लिपस्टिक कैरी की है। साथ ही श्रद्धा आर्या ने बालों को नीचे से कर्ल करके खुला छोड़ा है।

श्रद्धा आर्या ने अपने नए लुक को पूरा करने के लिए कानों में स्टोन्स वाले ईयरिंग्स पहनें है। साथ ही श्रद्धा मैचिंग बैग और हील्स भी नई तस्वीरों में जमकर फ्लॉन्ट किए हैं। वही बात यदि श्रद्धा आर्या के वर्कफ्रंट की तो एक्ट्रेस ने कई टेलीविज़न शोज के साथ-साथ अमिताभ बच्चन की फिल्म निशब्द में भी वह नजर आ चुकी हैं। श्रद्धा आर्या ने कई फिल्मों में अपनी अदाकारी का जादू दिखाया है। फिलहाल श्रद्धा आर्या जी टीवी के सीरियल कुंडली भाग्य में प्रीता की भूमिका निभाती दिखाई दे रही हैं। श्रद्धा आर्या की सोशल मीडिया पर बेहतरीन फैन-फॉलोइंग है, जब भी श्रद्धा नई तस्वीरें और वीडियो शेयर करती हैं तारीफें करने वालों का तांता लग जाता है।

# सुनील शेट्टी की नई सीरीज हंटर का टीजर जारी




बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सुनील शेट्टी को कौन नहीं जानता, एक्टर ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को कई सारी हिट फिल्में दी हैं. एक्टर के पूरे देश भर में फैन-फॉलोइंग है. आज हम सुनील शेट्टी के फैंस के लिए एक खुशखबरी लेकर आए हैं. सुनील शेट्टी की आने वाली वेब सीरीज हंटर- टूटेगा नहीं तोड़ेगा का टीजर आज यानी शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है. इस एक्शन थ्रिलर में सुनील शेट्टी लीड रोल में एसीपी विक्रम सिन्हा की भूमिका निभा रहे हैं. टीजर में सुनील बदमाशों से अकेले ही अपराधियों से लोहा लेते नजर आ रहे है. प्रोमो में ईशा देओल और बरखा बिष्ट को भी देखा जा सकता है.

आपको बता दें कि, अपने नए शो के बारे में बात करते हुए, सुनील ने कहा, एक शैली के रूप में एक्शन एक ऐसी चीज है जिसके लिए मैं हमेशा से जुनूनी रहा हूं और हंटर टूटेगा नहीं तोड़ेगा मुझे उस जुनून को फिर से जीने में मदद कर रहा है. यह एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो वास्तव में एक टीम प्रयास रहा है. मैं शुरू से ही एसीपी विक्रम सिन्हा के किरदार से बंधा हुआ था. वह वन मैन आर्मी है जिसके बारे में हमने अक्सर सुना है. बिलकुल कच्चा और कठोर.

हंटर के सिनॉप्सिस में लिखा है, हंटर एक एक्शन थ्रिलर वेब सीरीज़ है जो सुनील शेट्टी को एसीपी विक्रम के रूप में मुंबई की अपराध की दुनिया की अंधेरी गलियों में ले जाती है. एक लापता महिला को खोजने का मिशन उसे अपने अतीत और भविष्य के बीच उलझा देता है.

सुनील शेट्टी ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर सीरीज का टीजर शेयर किया और लिखा, एसीपी विक्रम को रोकना है तो ठोकना पडेगा वह अजेय है या वह है? बता दें कि, इस शो में राहुल देव, मिहिर आहूजा, टीना सिंह, चाहत तेजवानी, करणवीर शर्मा, सिद्धार्थ खेर, गार्गी सावंत और पवन चोपड़ा भी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाले हैं.

इस वेब सीरीज का निर्देशन प्रिंस धीमान और आलोक बत्रा द्वारा किया गया है. हंटर 22 मार्च को अमेज़न मिनीटीवी पर रिलीज किया जाएगा.













C M Y K

# विकास कार्यों के लिए एक हजार करोड़ की स्वीकृति का आदेश जारी

## नगर निगम रायपुर को 100 करोड़ रूपए, भिलाई को 60 करोड़ रूपए, बिलासपुर को 50 करोड़ रूपए की स्वीकृति

- » दुर्ग नगर निगम को 25 करोड़ रूपएः भिलाई-चरौदा, अम्बिकापुर, जगदलपुर नगर निगमों को 20-20 करोड़ रूपए
- » रिसाली, राजनांदगांव, रायग एवं कोरबा को 15-15 करोड़ रूपए
- » बीरगांव, धमतरी एवं चिरमिरी नगर निगम को 10-10 करोड़ रूपए
- » रायपुर और भिलाई में 10-10 करोड़ रूपए की लागत से अत्याधुनिक बीपीओ
- » रायपुर में जी-20 समिट की तैयारियों के लिए 20 करोड़ रुपए जारी
- » रायपुर में 1000 सीटर और बिलासपुर में 750 सीटर, भिलाई में 500 सीटर क्षमता का शहरी महिला आजीविका केंद्र होगा प्रारंभ
- » भिलाई में 20 करोड़ की लागत से बनेगी विश्वस्तरीय सेंट्रल लाइब्रेरी कम रीडिंग जोन
- » जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 से करकापाल तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 10 करोड़ रूपए की मंजूरी

**रायपुर,11 मार्च 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर त्वरित अमल करते हुए प्रदेश के सभी 170 नगरीय निकायों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए एक हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति का आदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राजधानी रायपुर में 15 फरवरी को नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित नगरीय गौरव समागम कार्यक्रम में सभी नगरीय निकायों को विभिन्न विकास कार्यों के लिए लगभग 1 हजार करोड़ रूपए की राशि देने की घोषणा की थी, जिसके तारतम्य में नगरीय प्रशासन विभाग ने स्वीकृति का आदेश जारी किया है।
मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप प्रदेश की 14 नगर निगमों में से नगर निगम रायपुर को 100 करोड़ रूपए, भिलाई नगर निगम को 60 करोड़ रूपए, बिलासपुर नगर निगम को 50 करोड़ रूपए, दुर्ग नगर निगम को 25 करोड़ रूपए, भिलाई-चरौदा, अम्बिकापुर, जगदलपुर नगर निगमों को 20-20 करोड़ रूपए, रिसाली, राजनांदगांव, रायगढ़ एवं कोरबा को 15-15 करोड़ रूपए, बीरगांव, धमतरी एवं चिरमिरी नगर निगम को 10-10 करोड़ रूपए की राशि विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्वीकृत की गई है।
इसी प्रकार सभी 44 नगर पालिकाओं को विकास कार्यों के लिए 5-5 करोड़ रुपए और सभी 112 नगर पंचायतों को 3-3 करोड़ रूपए की स्वीकृति जारी की गई है।

### नगर निगमों और नगर पालिकाओं में बनेंगे 'अर्बन कॉटेज एण्ड सर्विस इंडस्ट्रीज पार्क'

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर सभी नगर निगमों और नगर पालिकाओं में 'अर्बन कॉटेज एण्ड सर्विस इंडस्ट्रीज पार्क' विकसित करने के लिए 2-2 करोड़ रूपए की स्वीकृति जारी की गई है।

### मार्केट एरिया में लगाए जाएंगे सीसीटीवी

स्वीकृत राशि से सभी नगर निगमों और नगर पालिकाओं में शहरों के मार्केट एरिया में सीसीटीवी लगाने, आधुनिक शौचालयों का निर्माण और प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। इसी तरह सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में कचरा एकत्रीकरण की व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आबादी के अनुपात में ई-रिक्शा/ई-कार्ट की व्यवस्था की जाएगी।



### सभी नगर निगमों में 50-50 स्मार्ट हेल्थ कियोस्क

सभी नगर निगमों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप 50-50 स्मार्ट हेल्थ कियोस्क बनाए जाएंगे, इसके लिए सभी नगर निगमों को 6 लाख रूपए प्रति स्मार्ट हेल्थ कियोस्क के मान से 3-3 करोड़ रूपए की राशि की स्वीकृति की गई है। स्मार्ट हेल्थ कियोस्क में नागरिकों को बीपी, शुगर, ब्लड टेस्ट की निःशुल्क सुविधा मिलेगी।

### रायपुर शहर के जल भराव वाले क्षेत्रों में ड्रेनेज सिस्टम हेतु 18 करोड़ रूपए

नगर निगम रायपुर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 100 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। रायपुर में 1000 सीट शहरी महिला आजीविका केन्द्र प्रारंभ किया जाएगा, साथ ही युवाओं के रोजगार के लिए 10 करोड़ रुपए की लागत से नगर निगम रायपुर में अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सुविधा सहित बीपीओ बनाया जाएगा, रायपुर शहर के जल भराव वाले क्षेत्रों में बाढ़ नियंत्रण हेतु ड्रेनेज सिस्टम के लिए 18 करोड़ रूपए तथा जी-20 समिट की तैयारियों के लिए 20 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि से रायपुर के फूल चौक से आजाद चौक मार्ग के शेष भाग का चौड़ीकरण और यहां पर फ्लाईओवर का निर्माण भी किया जाएगा।

### हॉस्पिटल सुपेला के आधुनिकीकरण हेतु 7 करोड़ रूपए

नगर निगम भिलाई के लिए 60 करोड़ रुपए की स्वीकृत दी गई है। इस राशि में से युवाओं के रोजगार हेतु नगर निगम भिलाई में अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सुविधा सहित बीपीओ हेतु 10 करोड़ रुपए, भिलाई में विश्वस्तरीय सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन के लिए 20 करोड़ एवं हॉस्पिटल सुपेला के आधुनिकीकरण हेतु 7 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है। साथ ही भिलाई में 500 सीट की क्षमता वाला शहरी महिला आजीविका केन्द्र प्रारंभ किया जाएगा।

### बिलासपुर नगर निगम के वार्डों में अधोसंरचना विकास हेतु 21 करोड़ रूपए

नगर निगम बिलासपुर को विभिन्न विकास कार्यों के लिए 50 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। नगर निगम बिलासपुर में सम्मिलित नवीन क्षेत्रों के अधोसंरचना विकास हेतु प्रति वार्ड डेढ़ लाख रूपए के मान से कुल 21 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। बिलासपुर में 750 सीट की क्षमता वाला शहरी महिला आजीविका केन्द्र प्रारंभ किया जाएगा।

### दुर्ग में शिवनाथ रिवरफ्रंट हेतु 11 करोड़ रूपए

दुर्ग नगर निगम को विकास कार्यों के लिए 25 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें से दुर्ग शहर में शिवनाथ नदी रिवरफ्रंट डेवलपमेंट का कार्य के लिए 11 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है।

### भिलाई-चरौदा में ऑडिटोरियम निर्माण हेतु 9 करोड़ रूपए

भिलाई-चरौदा, जगदलपुर और अंबिकापुर नगर निगमों को विकास कार्यों के लिए 20-20 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। नगर निगम भिलाई-चरौदा को स्वीकृत राशि में से 9 करोड़ रूपए की लागत से ऑडिटोरियम का निर्माण कराया जाएगा। इसी तरह जगदलपुर नगर निगम में स्वीकृत राशि में से 10 करोड़ रूपए की राशि से राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 से करकापाल तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराया जाएगा। नगर निगम अंबिकापुर में स्वीकृत राशि में से सड़कों का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 10 करोड़ रूपए, अंबिकापुर में महात्मा गांधी स्टेडियम के उन्नयन के लिए 3 करोड़ रूपए तथा अंबिकापुर पीजी कॉलेज ग्राउंड में जरूरी मूलभूत नागरिक सुविधाओं के विकास एवं उन्नयन के लिए एक करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है।

### रायगढ़ की सड़कों के लिए 7 करोड़ रूपए

रायगढ़, राजनांदगांव, रिसाली, कोरबा को विकास कार्यों के लिए 15-15 करोड़ रूपए की राशि की मंजूरी दी गई है। नगर निगम रायगढ़ शहर की सड़कों के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 7 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

### धमतरी, चिरमिरी और बीरगांव नगर निगमों को 10-10 करोड़ रूपए

धमतरी, चिरमिरी और बीरगांव नगर निगमों को विभिन्न विकास कार्यों के लिए 10-10 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

# सर पर छत गरीब का सपना ही नहीं उसका अधिकार है कांग्रेस ने गरीब का सपना छीना

» मोर आवास मोर अधिकार रोक रखे है भूपेश सरकार की मांग को लेकर भाजपा का विधानसभा घेराव

**रायपुर,11 मार्च 2023(ए)।** भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल , जिला अध्यक्ष जयंती पटेल , सहप्रभारी डॉ अजय राव , पूर्व विधायक विमल चोपड़ा , सुभाष तिवारी वर्धमान सुराना एवं अन्य ने वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आगामी 15 मार्च को होने वाले प्रदेश व्यापी विधानसभा घेराव के पोस्टर का विमोचन किया गौरतलब हो कि भाजपा ने मोर आवास मोर अधिकार की मांगों को लेकर पूर्व में विधानसभा वार विभिन्न आंदोलन किए जिसमे विधायक निवास घेराव प्रमुखता से किया गया आगामी 15 मार्च को आयोजित विधानसभा घेराव कार्यक्रम के संदर्भ में आज जिला कार्यालय एकात्म परिसर में जिला एवं मंडल पदाधिकारियो की बैठक आहूत की गई जहाँ पोस्टर का विमोचन भी किया गया विधानसभा घेराव को लेलर भाजपा आक्रामक मोड में है प्रदेश भर में घेराव के पोस्टर वॉल राइटिंग कर जन समर्थन के साथ इस कार्यक्रम को विकराल तौर पर करने जा रही है
बृजमोहन अग्रवाल ने पोस्टर विमोचन करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने गरीबों के आवास छीना है उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सवाल करते हुए कहा कि क्या किसी योजना में सिर्फ प्रधानमंत्री शब्द है इसीलिए प्रदेश की आम गरीब जनता से उसका सपना छीना जा रहा है उसे इतनी महती योजना से वंचित रखा जा रहा है सत्ता की



लोलुपता एवं राजनीतिक दुराग्रह प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर इस कदर हावी है कि अब यह सरकार प्रदेश की आम जनता से इसका बदला ले रही है पर भुपेश सरकार ये बर्फ गांठ बांध लें जो जनता सर पर बैठाना जानती है वह उतारने में समय नही लगाती 2023 में इसके परिणाम दिखेंगे हम वादा करते हैं कि 2018 तक जिस तरह हमारा प्रदेश प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने में अग्रणी था आगामी चुनावों के बाद भाजपा सरकार बनते ही गरीबो के सर पर उसके अपने आशियाने का सपना पूरा करने का कार्य किया जाएगा ।
भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल ने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के वंचित हितग्रहियों को उनका हित दिलवाना हमारी प्राथमिकता में है और इसलिए हम अब विधानसभा घेराव का महा आंदोलन करने जा रहे हैं जिसमे प्रदेश भर के भाजपा कार्यकर्ता एवं सुदूर क्षेत्रो से वंचितों का समूह शामिल होगा हमने मोर आवास-मोर अधिकार रोक के रखे है भुपेश सरकार का पोस्टर और 8955113113 टोल फ्री नंबर भी जारी किया इस नंबर के माध्यम से प्रदेश के आवासहीन आंदोलन से सीधे जुड़ सकते हैं।
जिला भाजपा कार्यलय में पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में विशेष रूप से विधायक बृजमोहन अग्रवाल , सहप्रभरी डॉ अजय राव, जयंती पटेल, प्रफुल्ल विश्वकर्मा सुभाष तिवारी सत्यम दुआ श्यामा चक्रवर्ती ललित जयसिंघानी आशु चंद्रवंशी अकबर अली हरीश ठाकुर अमित महेश्वरी खेम सेन रमेश मिर्घनी, राजीव मिश्रा सूची दुबे प्रीतम सिंह ठाकुर अर्चना शुक्ला भूपेन ठाकुर गोरेलाल नायक मुकेश पंजवानी श्रीनिवास राव रविंद्र ठाकुर सहित अन्य जिला एवं मंडल पदाधिकारी मौजूद रहें।

# भाजपा ने अनुसूचित जाति मोर्चा में किया बदलाव

### संभाग प्रभारी और सह प्रभारियों की जारी की लिस्ट

**रायपुर,11 मार्च 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दलों में बदलाव का दौर जारी है। भारतीय जनता पार्टी भी पार्टी को मतबूत करने के लिए नई टीम तैयार कर रही है। इसी क्रम में भाजपा ने आज अनुसूचित जाति मोर्चा में बदलाव किया है। पार्टी ने संभाग के प्रभारी और सह प्रभारियों की लिस्ट जारी की है। इसके अलावा पार्टी ने अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला प्रभारी और सह प्रभारियों की लिस्ट भी जारी की है, जिसमें जिला प्रभारी और सह प्रभारियों के 70 पदाधिकारियों को मौका मिला है।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव और प्रदेश महामंत्री पवन साय की मंजूरी के बाद अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय ने यह लिस्ट जारी की है। जारी लिस्ट के अनुसार वेदराम जांगड़े को रायपुर संभाग का प्रभारी, दयावंत धर बांधे को बिलासपुर, आत्माराम बंजारे को दुर्ग, दुर्गा महेश्वर को सरगुजा, विनोद खांडेकर को बस्तर का प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

### इन्हें मिली संभाग के सह प्रभारी की जिम्मेदारी

पार्टी ने अश्वनी टंडन को रायपुर संभाग का सह प्रभारी, संतोष मारकडेय को बिलासपुर, हरिनाथ खुंटे को दुर्ग, ओमेश जिभेकर को सरगुजा, खेमराज बाकर को बस्तर संभाग का सह प्रभारी बनाया गया है।

## बीजेपी के चुनावी सर्वे पर भूपेश बघेल ने कहा

# जो 14 बचे हैं,उनका भी टिकट पक्का नहीं

**रायपुर,11 मार्च 2023(ए)।** साल के अंत में छत्तीसगढ़ में चुनाव होने हैं, लिहाजा राजनीतिक बयानबाजी का दौर भी जारी हैं। बीजेपी के चुनावी सर्वे पर आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि ये जो 14 बच्चे हैं, उनका भी टिकट पक्का नहीं है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि मैने अजय चंद्राकर और बृजमोहन अग्रवाल से कहा था कि वह जबरदस्ती नंबर बढ़ाने के लिए अपना गला खराब करते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। टिकट मिलेगा या नहीं इसकी भी कोई गारंटी नहीं है।
मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ये बयान शनिवार को मनेंद्रगढ़ दौरे पर रवाना होने से पहले हेलीपैड पर मीडिया से चर्चा के दौरान दिया गया। मुख्यमंत्री बघेल ने संकेत दिए



कि बीजेपी के जो 14 विधायक बचे हैं उनको भी अगले चुनाव में टिकट मिले ये पक्का नहीं है।
गौरतलब हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने चुनावी सर्वे शुरू कर दिया है। हारने और जीतने वाले प्रत्याशियों का अंदाजा अलग-अलग क्षेत्रों में लगाया जा रहा है।
बीजेपी के पदाधिकारियों की माने तो इसके लिए बकायदा दिल्ली से विशेष टीम भी पहुंची है, जो मौजूदा स्थिति और जीतने वाले प्रत्याशियों को लेकर जमीनी स्तर पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही हैं। ऐसे में एक ओर जहां बीजेपी आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी स्थिति मजबूत बनाने की कोशिश में लगी हैं। वही मुख्यमंत्री ने बीजेपी के इस ग्राउंड सर्वे पर चुटकी लेकर लेते हुए विधायको पर निशाना सीधे निशाना साधा हैं।

## पुलिस की लचर व्यवस्था हैं,एएसआई हत्याकांड पर बोले ननकी राम

**रायपुर/कोरबा ,11 मार्च 2023(ए)।** । प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री और रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक ननकीराम कंवर ने भी बांगो थाना में पदस्थ रहे एएसआई नरेंद्र सिंह परिहार के मौत के मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी हैं। उन्होंने कहा हैं की यह पुलिस की लचर व्यवस्था हैं। उन्होंने सवाल उठाया की जब पुलिस की हत्या का सुराग नहीं मिल रहा तो आम हत्या का कैसे सुराग मिल सकेगा? इसके अलावा ननकीराम ने राज्य की पुलिसिंग पर अपनी गहरी नाराजगी जाहिर की।



बता दें कि होली के ठीक बाद कोरबा के सरहदी बांगो थाना में तैनात सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह परिहार की खून से लथपथ लाश उनके बैरक के बिस्तर पर मिली थी। पुलिस इसे हत्या का प्रकरण मानते हुए अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया है। वही दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ इस मामले में पूरी तरह खाली हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद पुलिस अबतक इस हत्या के मामले में किसी तरह के साक्ष्य नहीं ढूंढ पाई हैं। इसे लेकर प्रदेश की राजनीति भी गरमा गई हैं।
भाजपा के आला नेता लगातार राज्य सरकार की पुलिसिंग और क़ानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। मौजूदा नेता विपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, ओपी चौधरी के बाद अब पुलिस विभाग के पूर्व मुखिया ने पुलिसिंग व्यवस्था को लचर बता दिया हैं। हालांकि सरकार की तरफ से जल्द आरोपियों की धरपकड़ की बात कही जा रही हैं। रविंद्र चौबे ने अपने इस दावे के साथ भाजपा नेताओं के बयानों पर पलटवार भी किया था।

## आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में

# रेंजर को 5 साल सश्रम कारावास व अर्थदंड की सजा

**रायपुर/दुर्ग,11 मार्च 2023 (ए)।** भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी रेंजर को दोषी पाए जाने पर 5 वर्ष सश्रम कारावास व दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। वन परिक्षेत्राधिकारी शंकर दास के ठिकानों पर नवंबर 2016 में मारे गए छापों में एसीबी को वैध कमाई से कहीं अधिक मूल्य की संपत्ति मिली थी। जिसके बाद एसीबी ने जांच कर चालान विचारण के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया था जिसमें आरोपी रेंजर को सजा सुनाई गई है।
मिली जानकारी के अनुसार कांकेर के मूल निवासी 51 वर्षीय शंकर दास वन विभाग में रेंजर के पद पर कांकेर जिले के बांदे वन परिक्षेत्र में वर्तमान में पदस्थ है। 10 नवंबर 1993 को वन विभाग में उनकी नियुक्ति हुई थी। वर्ष 2016 में शंकर दास धमधा परिक्षेत्र में रेंजर के पद पर पदस्थ थे। इस दौरान एंटी करप्शन ब्यूरो ने उनके ठिकानों



पर नवंबर 2016 में दबिश दी थी तथा रेंजर व उनकी पत्नी व अन्य परिजनों के नाम बड़ी मात्रा में चल-अचल संपत्ति होने का खुलासा किया था। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि 10 नवंबर 1993 को वन विभाग में नियुक्ति के बाद छापा मारने तक की तिथि तक शंकर दास ने 23 वर्ष की सेवा वन विभाग में दी है। इन 23 वर्ष के कार्यकाल में उन्हें वेतन तथा विभिन्न माध्यमों से कुल 39 लाख 74 हजार 340 रुपए की आय अर्जित हुई थी। वहीं जांच में 85 लाख 37 हजार 668 रुपये की चल-अचल संपत्ति का खुलासा हुआ था। इस प्रकार से वैध स्त्रोतों के अतिरिक्त 45 लाख 63 हजार 328 रुपए की अतिरिक्त संपत्ति रेंजर के द्वारा भ्रष्टाचार कर अर्जित किया जाना पाया गया। एंटी करप्शन ब्यूरो ने प्रकरण की जांच पूरी कर दुर्ग न्यायालय के समक्ष चालान विचारण हेतु प्रस्तुत किया था।

# मुख्यमंत्री 21 को विश्व वानिकी दिवस पर करेंगे मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ

- » छत्तीसगढ़ में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना
- » प्रत्येक जिले में आयोजित होंगे कार्यक्रम
- » मुख्य सचिव ने तैयारियां सुनिश्चित करने दिए निर्देश

**रायपुर,11 मार्च 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' का शुभारंभ करेंगे। इसके तहत प्रदेशभर के हर जिले में एक-एक स्थान पर समारोह के रूप में शुभारंभ के कार्यक्रम का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' लागू किए जाने की घोषणा उपरांत इसके क्रियान्वयन की तैयारियां जोरो पर है। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने इस तारतम्य में प्रदेश के समस्त कलेक्टर तथा वनमंडलाधिकारियों को पत्र भेजकर




जिले में 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजंना' के शुभारंभ कार्यक्रम के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित आम जनता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।
गौरतलब है कि 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' के तहत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमिस्वामी, शासकीय अर्द्ध शासकीय एवं शासन की स्वायत्त संस्थाएं, निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाएं, पंचायतें तथा भूमि अनुबंध धारक इस योजना का लाभ जे सकते है। इस योजना के अंतर्गत हितग्राही की निजी भूमि में 5 एकड़ तक रोपण हेतु 100 प्रतिशत तथा 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र में रोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान शासन द्वारा हितग्राहियों को प्रदाय किया जाएगा। राज्य में इस योजना के माध्यम से प्रति वर्ष 36 हजार एकड़ के मान से कुल 5 वर्षों में एक लाख 80 हजार एकड़ में 15 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। शासन द्वारा चयनित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम क्रय मूल्य निर्धारित किया जाएगा। जिससे कृषकों को निश्चित आय प्राप्त हो सकें। वनक्षेत्र से बाहर लकड़ी के उत्पादन बढ़ने से काष्ठ आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही कार्बन क्रेडिट के माध्यम से भी कृषकों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी।

# वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी

» रेलवे पुलिस ने किशोर को पकड़ा

**रायपुर,11 मार्च 2023(ए)।** रायपुर में वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी करने का मामला सामने आया है इस मामले में रेलवे पुलिस ने एक किशोर को पकड़ा है. नागपुर- बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में तैनात उपनि आर.के राठौर ने बताया कि सरोना- रायपुर के मध्य किसी किशोर द्वारा गाडी संख्या 20826 नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में पत्थरबाजी की गई है। जिस सूचना पर सउनि डी.के वर्मा एवं प्रधान आरक्षक जे.एल. कौशल को तुरन्त घटना स्थल पर पहुंचने के लिए निर्देशित किया गया। घटनास्थल के आस- पास क्रिकेट खेल रहे बच्चों से घटना के सम्बंध में जानकारी ली गई। सूचना , हुलिया, एवं पहनावा के आधार पर राजीव नगर घटनास्थल के पास ही एक अपचारी बालक कृष्णा दास मानिकपुरी पिता- डैनी दास मानिकपुरी उम्र' 15 वर्ष 02 माह लगभग निवासी- .बीएसपीयू कालोनी ब्लॉक संख्या 06 कमरा न. 01 जरवाय थाना- कबीरनगर जिला- रायपुर छग को रोका गया. जिससे पूछताछ करने पर वंदे भारत ट्रेन में मस्ती पूर्वक कांच तोडने के लिये पत्थर मारना स्वीकार किया। अपचारी बालक द्वारा अपना गलती कबूल करने पर रेलवे पुलिस ने अभिरक्षा में लेकर उसके माता- पिता के साथ रेल्वे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर लाया गया। अपचारी बालक को रेल्वे अधिनियम के धारा 153 का दोषी पाते हुये उसे अभिरक्षा में लेकर अपराध क्रमांक 1567/2023 दिनांक 10.03.2023 धारा 153 रेल्वे अधिनियम दर्ज किया गया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)